

हरियाणा सरकार
G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अंत्योदय
महासम्मेलन
मुख्य अतिथि
अध्यक्षता
श्री अमित शाह
केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा
2 नवम्बर, 2023
सुबह 10 बजे से | दशहरा ग्राउंड, करनाल
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है। जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है।
- नरेन्द्र मोदी
सुशासन ही आधार 9 साल डबल इंजन हरियाणा सरकार
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, एडवेंचर, इको और स्वास्थ्य पर्यटन से जुड़ी अपार संभावनाएं हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 293 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड







**फास्ट न्यूज**

## केंद्रीय विद्यालय संगठन नियुक्तियों में दिव्यांगों को 4 फीसदी आरक्षण दे : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय विद्यालय संगठन को निर्देश दिया है कि अपनी सभी नियुक्तियों में चार फीसदी दिव्यांगों को आरक्षण दे। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कर्ण बाधित दिव्यांगों को एक फीसदी आरक्षण देना अनिवार्य है। हाई कोर्ट ने केंद्रीय विद्यालय संगठन को निर्देश दिया कि दिव्यांगों के लिए चार फीसदी नियुक्ति प्रक्रिया छह महीने के अंदर पूरी कर ली जाए। कोर्ट ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को निर्देश दिया कि इन नियुक्तियों में आरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी करे। कोर्ट ने कहा कि अलग-अलग विभागों में इस मामले को लेकर अलग-अलग समझ है।

## दिल्ली : प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने बैठक की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में ठंड बढ़ने और हवा की गति कम होने के कारण दिल्ली में एक्यूआई 350 के आसपास बना हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार तेजी से तापमान कम हो रहा है और हवा की गति भी काफी कम है। आने वाले 15-20 दिन दिल्ली के लिए भारी रहने वाले हैं। सीएक्यूएम ने ग्रेप-2 लागू करने के निर्देश दिया था जिसे दिल्ली में लागू किया गया है। उसके बावजूद दिल्ली में कई जगहों पर एक्यूआई का स्तर काफी बढ़ रहा है।

# राजस्थान में हिंदू विरोधी कांग्रेस की सरकारः योगी

= देश की हर समस्या का नाम है कांग्रेस, इसकी सोच तालिबानी, इजराइल की गाजा में चुन-चुनकर आतंकियों को मारा जा रहाः योगी

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**

**देश** की हर समस्या का नाम कांग्रेस है। इसकी सोच तालिबानी है, जिसने भक्ति और शक्ति की धरती राजस्थान की परंपराओं को कलंकित करने का काम किया है। ऐसी तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा ही है, इसका उदाहरण इजराइल की गाजा में चल रही कार्रवाई में दिख रहा है, जहां चुन-चुनकर आतंकियों को मारा जा रहा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां तिजारा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी योगी बालकनाथ के समर्थन में आयोजित एक जनसभा के दौरान कही।

**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस की सोच तालिबानी है, जिसने भक्ति और शक्ति की धरती राजस्थान की परंपराओं को कलंकित किया : योगी**

**आतंकवाद के ताबूत में मोदी-शाह ने ठोक दी है अंतिम कीलः** उन्होंने कहा कि देश की हर समस्या की जड़ कांग्रेस है। कांग्रेस राज होता तो कभी भी राममंदिर मामले का समाधान नहीं होता। मगर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। अयोध्या में आज विकास की बयार बह रही है। एक तरफ सरदार पटेल देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे थे तो वहीं कांग्रेस ने कश्मीर में धारा 370 की समस्या पैदा कर दी, जिसे हमेशा के लिए हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी है। कांग्रेस जो काम 70 साल में नहीं कर सकी वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साढ़े नौ साल में कर के दिखा दिया।



**राजस्थान में साकार करेंगे रामराज्य की परिकल्पनाः** अपने उद्बोधन में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद यहां रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने का कार्य डबल इंजन की ताकत से किया जाएगा।

### हिन्दू विरोधी है गहलोत सरकारः सीएम योगी

**योगी** आदित्यनाथ ने गहलोत सरकार को हिन्दू विरोधी बताते हुए कहा कि यहां पेशेवर अपराधियों और गुंडों को प्रश्रय दिया जाता है। साथ ही सरकार के संरक्षण में संतों को अपमानित करने का कार्य किया जाता है। जनता को तय करना होगा कि ये तुष्टिकरण का खेल आखिर कब तक चलेगा। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए बताया कि यूपी 25 करोड़ की आबादी का राज्य है, मगर किसी गुंडे की हिम्मत नहीं होती कि किसी बेटी के सम्मान से खिलवाड़ कर सके। कोई भी गुंडा किसी व्यापारी को परेशान नहीं कर सकता।

## मोदी-हसीना ने 3 परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**3 परियोजनाओं का हुआ उद्घाटनः** जानकारी के लिए बता दें कि तीन परियोजनाएं हैं अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट - भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम शेख हसीना ने कहा, ...मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने के लिए हमने दशकों से लंबित भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए।



## 'दिल से दिल की बातचीत की जरूरत'

**टीम एक्शन इंडिया/टीपा (मिजोरम)**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मणिपुर में युद्धरत मैतेई और कुकी समुदायों से एक साथ बैठने और दिल से दिल से बातचीत करने की अपील की। बुधवार को राजनाथ सिंह ने म्यांमार की सीमा से लगे दक्षिणी हिस्से में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और मणिपुर में दोनों समुदायों को अशांत राज्य में स्थिति में सुधार के लिए एक-दूसरे से बात करनी चाहिए।



सिंह ने आगे कहा कि पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांतिपूर्ण रहा है। हालांकि, हमने मणिपुर में हिंसा देखी है और यह हमारे लिए दर्दनाक है।

**हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहींः** सिंह ने कहा, 'हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हमें दिल से दिल की बातचीत की जरूरत है। मैं दोनों समुदायों से एक साथ बैठने और विश्वास की कमी को खत्म करने की अपील करता हूं।'

**हिंसा जरूरी नहीं**

**8 मणिपुर में युद्धरत मैतेई और कुकी समुदायों से एक साथ बैठने और दिल से दिल से बातचीत करने की अपील की**

## यूनेस्को के 55 क्रिएटिव शहरों में ग्वालियर कोझिकोड किया गया शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**यूनेस्को** ने 55 क्रिएटिव शहरों की सूची जारी की है, जिसमें भारत के दो शहरों को जगह मिली है। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर और केरल के कोझिकोड को यूनेस्को ने अपनी सूची में स्थान दिया है। ग्वालियर (तानसेन की नगरी) को संगीत और कोझिकोड को साहित्य के लिए चुना गया है। ग्वालियर के बेहट में संगीत सम्राट तानसेन का जन्म हुआ था। संगीत घरानों के लिए भी ग्वालियर की प्रसिद्धि है।


**सावधानी बरतें** स साल बारिश कम हुई इसके बावजूद डेंगू के अनेक मामले देखने में आ रहे हैं

## जानलेवा हो रहा डेंगू का स्ट्रैन-2, सामने आए रिकॉर्ड मामले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली**, यूपी, बिहार, जम्मू में इस बार अक्तूबर माह में भी डेंगू के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली के राज्यपाल वी.के सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि तापमान में गिरावट के बावजूद दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामले और अस्पतालों में भर्ती होने वालों के आंकड़े चिंताजनक हैं। वहीं बिहार में डेंगू ने बीते तीन वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इस वर्ष राज्य में डेंगू के अब तक 15 हजार मरीज मिल चुके हैं। इसमें सर्वाधिक 6084 मरीज अक्टूबर में मिले हैं। इसकी तुलना में सितंबर के शुरूआती 20 दिनों में डेंगू के मरीजों की संख्या सिर्फ 3187 थी। कमोबेश जम्मू, नागालैंड जैसे राज्यों में यही हालात हैं। शोधकर्ताओं और चिकित्सकों का मानना है कि बीते कुछ सालों में क्लाइमेट चेंज, तापमान में देर से गिरावट होने, अनियमित बारिश की वजह से डेंगू के संक्रमण काल की अवधि तीन माह से बढ़ गई है। अब यह करीब चार से साढ़े चार माह तक रहने लगा है। एक्सिलेंस फॉर क्लाइमेट चेंज एंड वेक्टर बॉर्न डिजीज के प्रिंसिपल इनवेस्टिगेटर रह चुके डॉक्टर रमेश धीमान कहते हैं कि इस साल बारिश कम हुई इसके बावजूद डेंगू के अनेक मामले देखने में आ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर यहां वहां पड़े कचरे, नारियल के खोल, या ऐसी कोई भी जगह जहां थोड़ा बहुत भी पानी जमा हो वहां पनप सकता है। इस मच्छरे के अंडे काफी लम्बे समय तक किसी जगह पर पड़े रह सकते हैं और पानी मिलने पर इनमें से मच्छर निकलने लगते हैं। मलेरिया के मच्छर की रोकथाम आसान है लेकिन डेंगू के मच्छर पर लगाम लगाना काफी मुश्किल है।





# आम आदमी पार्टी के बढ़ते ग्राफ से घबराई भाजपा : डॉ अशोक तंवर

## सिद्धार्थ कॉलोनी, सेक्टर 2, सोनीपत में आम आदमी पार्टी का कार्यालय खोला गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सिद्धार्थ कॉलोनी, सेक्टर 2, सोनीपत में आम आदमी पार्टी का कार्यालय खोला गया। जिसका शुभारम्भ करने बतौर मुख्यातिथि "आप" हरियाणा के प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर, महिला प्रदेशाध्यक्षा डॉ रजनीश जैन के साथ सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने शिरकत की। सभी ने रिबन काटकर कार्यालय को सोनीपत जिला के सभी कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों को सुपर्द किया। कार्यालय का शुभारम्भ जिला की महिला अध्यक्ष सारिका कालरा के द्वारा किया गया। सभी ने महिला जिलाध्यक्ष को पार्टी हित में कार्यालय खोलने पर बधाई दी। "आप" हरियाणा के प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर ने



जिला कार्यालय खोलने पर महिला जिलाध्यक्ष सारिका कालरा को बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुवे कहा की भाजपा आज आम आदमी पार्टी के हरियाणा में बढ़ते ग्राफ से घबराई हुई है। दिल्ली व पंजाब के साथ हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी का दबदबा बढ़ा है। जिससे विरोधी पार्टियों के खेमे में खलबली मची हुई है। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा वासियों के दिलो में जगह बनाई है। हरियाणा अपने लाल केजरीवाल का बांहे फैलाकर स्वागत के लिए तैयार है। डॉ अशोक तंवर ने कहा की 5 तारीख

**दावा**

**8 जनता के बीच रहकर जनता के मुद्दों पर सरकार व प्रशासन से लड़ाई लड़ रहे है उन्ही में से पार्टी का कोई चेहरा मैदान में होगा**

को रोहतक ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविन्द केजरीवाल जी सभी ग्राम स्तर पर नव नियुक्त 6500 पदाधिकारीयों को सपथ दिलाने आ रहे है। सभी साथियों को वहाँ पहुँच जन पिर्य नेता केजरीवाल के विचार सुनने का उन्होंने आह्वान किया। पत्रकारों के सवाल सोनीपत लोकसभा और विधानसभा से पार्टी का चेहरा कौन होगा का जवाब देते हुवे डॉ अशोक तंवर ने कहा की आम आदमी पार्टी आम लोगों की पार्टी है। जो जनता के बीच रहकर जनता के मुद्दों पर सरकार व प्रशासन से लड़ाई लड़ रहे है उन्ही में से पार्टी का कोई चेहरा चुनाव के समय मैदान में होगा। मेहनतकश व्यक्तियों को पार्टी में तवज्जो दी जाती है।

**हरियाणा सरकार महिला विरोधी:** डॉ रजनीश जैन ने कार्यालय खोलने पर महिला जिलाध्यक्ष सारिका कालरा को बधाई दी।

उन्होंने कहा की सारिका बहुत मेहनत के साथ पार्टी के सभी गतिविधियों में हिस्सा लेती है। उन्होंने कहा की महिला जिलाध्यक्ष अपनी संस्था के माध्यम से पिछले 6 साल से समाज सेवा कर रहे है।

# न्यायधीश कंचन माही ने अपना घर होम फॉर होम लैस का दौरा किया

**हालचाल**

**8 अम्बाला ने अपना घर होम फोर होम लैस का दौरा किया एवं वहां पर रहने वाले बुजुर्गों का हाल चाल जाना**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला एवं सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने अपना घर होम फोर होम लैस का दौरा किया एवं वहां पर रहने वाले बुजुर्गों का हाल चाल जाना। सुश्री कंचन माही, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने बजुर्गों को बताया कि त्योहारी सीजन के चलते वह अपने आप को खुश रखे एवं एक दूसरे का सहारा बनकर समय व्यतीत करे। सुश्री कंचन माही, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने बताया कि 60 वर्ष से ऊपर के सभी वरिष्ट नागरिक की श्रेणी मे आते हैं और उन्हे माता पिता एवं वरिष्ट नागरिको का भरण पोषण कल्याण अधिनियम 2007 के तहत उनहे भरण पोषण के अलावा भोजन, वस्त्र, आवास, चिकित्सा आदि उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने बताया की यदि माता पिता की आयु यदि 60 वर्ष से कम हो तो भी इस अधिनियम के तहत भरण पोषण का दावा कर सकते हैं। और उन्होंनें बताया कि वरिष्ठ नागरिक यह दावा अपने बच्चों, पोता पोती एवं रिश्तेदारों के विरूध कर सकते हैं।
रिश्तेदार का अर्थ उस निसंतान वरिष्ठ नगरिक के कानूनी उत्तराधिकारी से लिया जाता है. जो कि नबालिग नहीं हैं। सौरभ गुप्ता ने बताया कि भरण पोषण का दावा विशेष अधिकरण के सामने ही डाला जा सकता है।

# रोटरी क्लब के सदस्यों ने नेता संदीप गर्ग को दिया दिवाली मेले का निमंत्रण



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**
**लाडवा** की शिवाला रामकुंडी में चार नवंबर को रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित दिवाली मेले को लेकर रोटरी क्लब के प्रधान व पदाधिकारी नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग को निमंत्रण देने के लिए पहुंचे। रोटरी क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता ने बताया कि चार नवंबर को शिवाला रामकुंडी में रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब द्वारा एक दिवाली मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि कोरोना कल के कारण यह मेल बंद हो गया था। परंतु

**दिवाली मेला**

**8 रोटरी क्लब द्वारा जो यह मेला आयोजित किया जा रहा है उसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे**

रोटरी द्वारा अब इसको दोबारा से शुरू किया गया है उसके लिए रोटरी क्लब के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आयोजन शहर में होते रहने चाहिए ताकि सभी को एक दूसरे से मिलने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि दीपावली हमारे देश व हिंदू समाज का सबसे बड़ा पर्व है और ऐसे पर्व पर ऐसे बड़े कार्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा जो यह मेला आयोजित किया जा रहा है उसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे।

# नाम के अक्षर अनुसार आज से जमा करवा सकते है जीवन प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** खजाना अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला के खजाना व उपखजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे पैंशनधारक (जो ई-पेंशन प्रणाली के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनधारक) जो कि वर्तमान में खजाना कार्यालय कुरुक्षेत्र व इसके अधीन उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे है, अंग्रेजी वर्णमाला में अपने नाम के पहले अक्षर के अनुसार खजाना कार्यालय में आकर अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं, ताकि नवंबर 2023 माह की पैंशन जो कि दिसंबर 2023 माह में भुगतान की जानी है।

# जिला युवा उत्सव कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त** डा.शालीन ने अपने कार्यालय में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम के आयोजन को लेकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय कॉलेज के प्राचार्यां व अन्य के साथ बैठक लेते हुए कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त डा. शालीन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 17 व 18 नवम्बर को जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन एस.ए. जैन कालेज अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस युवा



उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग का कोई भी युवा भाग ले सकते है तथा आवेदनकर्ता का परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। उन्होने बताया कि इस युवा उत्सव में भाग लेने के लिए पहले 31 अक्तूबर की तिथि अंतिम थी, जिसे बढ़ाकर 7 नवम्बर किया गया है। उन्होंने सभी युवाओं से आहवान किया कि वे अपनी कला को निखारने के लिए इस युवा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाकर भाग लें। ऐसे कार्यक्रम कलाओं को निखारने में बेहतर प्लेटफार्म होते हैं। उन्होने यह भी कहा कि राजकीय औद्योगिक

**चर्चा**

**8 जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन एस.ए. जैन कालेज अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित किया**

प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर में आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त ने उपस्थित सभी को इस युवा उत्सव सम्मेलन के लिए अधिक से अधिक युवाओ को पंजीकरण करने के लिए कहा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य भूपेन्द्र सांगवान ने युवा उत्सव कार्यक्रम के बारे उपायुक्त को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें इस कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने बारे भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव के तहत प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रहेंगी जिसमें स्मूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कहानी, लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, फोटोग्राफी, तत्कालीन व्याख्यान में प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विज्ञान के माध्यम से बाजरे के उत्पादन संबधी सुधार विषय शामिल रहेंगे।

# वाहन चालकों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला पुलिस** कुरुक्षेत्र द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू दिनांक 01 नवम्बर 2023 को लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ अभियान चलाया। बुधवार को स्पैशल अभियान के तहत लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले 56 वाहन चालको के चालान किये गये। जानकारी देते हुए यातायात समन्वक रोशन लाल ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक हाईवे एंव यातायात हरियाणा करनाल श्री हरदीप सिंह दून व पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल अंबाला शिवास कविराज के



आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा दिनांक 01 नवम्बर 2023 को स्पैशल अभियान चलाया गया।
उन्होंने बताया कि जिला पुलिस कुरुक्षेत्र

**अभियान**

**8 अभियान के तहत लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले 56 वाहन चालको के चालान किये गये**

द्वारा पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग निर्देश में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों को सुचारू रूप से चलाने तथा वाहनो के लिए लेन ड्राईविंग (बॉई लेन) निर्धारित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने लगाया अनार जूस का विशाल लंगर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**सेवा** ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा हरियाणा दिवस के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के तट पर अनार जूस के पैक वितरित किए गए ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई। उन्होने कहा की हरियाणा दिवस के शुभ अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने ब्रह्मसरोवर के आसपास रहने वाले साधु-संत व आमजन को अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से अनार जूस का विशाल लंगर लगाया है जहां पर सभी बाबा महात्माओं को व आने जाने वाले सभी राहगीरों को डाबर अनार जूस के पैक वितरित किए गए ताकि अनार जूस पीने से इन सभी की इम्यूनिटी पावर बनी रहे ।उन्होंने सभी को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा की सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा जन कल्याण की राह यूँ ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है ओर आगे भी सेवा ऐसे ही चलती रहेगी। उन्होने

**विशाल लंगर**

**8 साधु-संत व आमजन को अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से अनार जूस का विशाल लंगर लगाया**

कहा की आजकल डेंगू काफी फैला हुआ है इसलिए डेंगू से बचाव के लिए पैरो मे जूते जुराब ओर पूरी बाजू के कपड़े पहने ओर अपने आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के खण्ड कोऑर्डिनेटर सुमन्त सैनी, विजय पंघाल ने सेवा ट्रस्ट यूके की इस कार्य के लिए दिल खोलकर सराहना की और सेवा ट्रस्ट यूके के राष्ट्रीय चैयरमैन नरेश मित्तल व डाबर इंडिया का धन्यवाद किया की हरियाणा दिवस पर जूस का जो विशाल भंडारा लगाया है वो काबिले तारीफ है । इस अवसर पर मास्टर राजेश, योगेश गर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना की वालंटियर स्नेहा मौजूद रहे।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह आईपीएस साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन, आईपीएस, कुमारी निकिता खट्टर, आईपीएस और श्री अनिल कुमार साहब के आदेशानुसार नशा मुक्त हरियाणा अभियान चलायमान है। उच्चाधिकारियों द्वारा उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त किया हुआ है। वे प्रतिदिन इस कार्य के लिए विभिन्न जिलों में जाकर विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस कड़ी में आज कुरुक्षेत्र में स्थित भगवान परशुराम पॉलीटेक्निक में एक दिवसीय नशे के



विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अनेक स्थानों से आए लोगों को एकत्रित कर नशे के दुष्प्रभावों बारे चर्चा की गई। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि ब्यूरो हरियाणा के प्रत्येक नागरिक तक यह सन्देश देना चाहती है कि नशे के व्यापार

**प्रतिबंध**

**8 प्रतिबंधित नशों पर प्रहार करते हुए बताया कि अफीम चरस चिट्टा स्मैक नशीली गोलियां नशे के टीके एलएसडी आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं**

में संलिप्त किसी भी अपराधी को अब नहीं छोड़ा जाएगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कड़े संज्ञान लिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा में वर्ष 2022 में 75 नशा तस्करों की 42.71 करोड़ रुपए की सम्पतियों को जब्त किया गया था। अब भी अनेक नशा तस्करों की सूचियां बनाई जा चुकी है जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जानी शेष है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के साथ साथ नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों को निशुल्क उपचार कराया जा रहा है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा छोड़ने वाले इस पर सम्पर्क करें।
प्रतिबंधित नशों पर प्रहार करते हुए बताया कि अफीम चरस चिट्टा स्मैक नशीली गोलियां नशे के टीके एलएसडी आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 से 2021 की अवधि में नशे की ओवरडोज के कारण 1089 लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से इस विषय पर चर्चा की और अंत में सभी से वचन लिया कि वे जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे।

# जेसीआई की महिला टीम ने कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जेसीआई अम्बाला की महिला टीम "संयुक्त" द्वारा प्री करवाचौथ बैश "अप्सरा -- बन ठन के मुटियाराँ आईयाँ" का आयोजन बतरा पैलेस में किया गया। इस आयोजन के दौरान थीम तम्बोला, डीजे मस्ती एवम कई फन गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें चार टैग्स दिए गए तथा सबको रिटर्न गिफ्ट भी दिए गए। सभी सदस्यों के लिए बहुत से लजीज व्यंजनों का भी आयोजन किया गया। करवाचौथ, जहाँ पत्नियाँ पति की लम्बी आयु के लिए व्रत करती है एवम दिन के अंत में उनका चेहरा देख कर ही व्रत खोलती हैं। इस आयोजन में भी महिलाओं ने अपने पति के साथ अपने संबंध को अलग अलग तरीके से बताया तथा यह बताया कि



पति-पत्नी का संबंध किस तरह का होता है। इस आयोजन की चीफ गेस्ट जेसरेट प्रोमिला गाँधी एवम गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती श्रुती जॉली (ऑनर जोवेना ब्यूटी पार्लर) रही तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसरेट प्रेरणा जैन एवम जेसरेट मोनिका वर्मा रही। इस दौरान जेसरेट शिल्पी गुप्ता को "चंद्रमुखी", जेसरेट गीतांजली जैन को "पीया की प्यारी", जेसरेट स्वाति गोयल को "खुशरंग हीना" तथा जेसरेट सिमरनप्रीत कौर को "अप्सरा" के खिताब से नवाजा गया। इस आयोजन के दौरान जेसीआई अम्बाला की महिला टीम चेयरपरसन जेसी किट्टी गुप्ता, सचिव जेसरेट दीपाक्षी अरोड़ा, क्रिएटिव हैड जेसरेट अश्मिता मित्तल, महिला पीआरओ जेसरेट आँचल अग्रवाल,

**करवा चौथ**

**8 महिला टीम "संयुक्त" द्वारा प्री करवाचौथ बैश "अप्सरा बन ठन के मुटियाराँ आईयाँ" का आयोजन किया**

आईपीसीपी जेसी नेहा सिंगला, पूर्व चेयरपरसन जेसी मीनाक्षी गुप्ता, जेसी काजल मित्तल, जेसरेट गीतांजली जैन, जेसरेट निधि जैन, जेजे विंग चेयरपरसन जेजे आद्रिका गुप्ता, जेसीआई अम्बाला के प्रधान जेसी लक्षित अग्रवाल, सचिव जेसी रोहित जैन, उप-प्रधान जेसी अंतेश मित्तल, पीआरओ जेसी आदित्य वर्मा, जेसी गौरव गुप्ता तथा सभी महिला सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनियों में डेमोलिशन के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के कन्ट्रोल्ड क्षेत्रों व अर्बन एरिया में जिला नगर योजनाकार अधिकारी द्वारा जब भी अवैध निर्माण व अवैध कालोनियों में तोड़-फोड़ की जाएगी, इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 5 अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।
जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा कि जिला नगर योजनाकार कार्यालय के पत्र के आधार पर अवैध कालोनियों व अवैध निमार्णों को तोड़ने के दौरान



कानून व्यवस्था को बनाए रखना जरूरी है,
इसलिए बागवानी विभाग के एसएमएस डा. प्रमोद को लाडवा ब्लॉक, यूएचबीवीएन इस्माईलाबाद के एसडीओ गुरदीप सिंह हांडा को ब्लॉक


**नियुक्ति**

**8 पत्र के आधार पर अवैध कालोनियों व अवैध निमार्णों को तोड़ने के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना जरूरी है**

इस्माईलाबाद, डीईओ कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक को ब्लॉक थानेसर, आईसीडीपी पिहोवा के एसडीओ डा. सुरजीत सिंह को ब्लॉक पिहोवा व बीईओ शाहबाद श्याम सुंदर आहुजा ब्लॉक शाहबाद के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।









# 'केजरीवाल सरकार का 'दिवाली गिफ्ट'

## आप सरकार ने एमसीडी के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया, आप सरकार ने एमसीडी के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया

**सौगात**

**8 आप सरकार ने एमसीडी के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपक काण्डपाल**

**आप** सरकार ने दिवाली के मौके पर सफाईकर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। आप सरकार ने एमसीडी के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया है। ये कर्मचारी लंबे समय से अपनी नौकरी पक्की करने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को बधाई देते हुए कहा कि कच्चे सफाईकमियों को पक्का कर हमने अपना वादा पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक हमने 6484 कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है। 15 साल एमसीडी की सत्ता में रही भाजपा ने सफाईकर्मियों का सिर्फ शोषण किया था, लेकिन हमारी सरकार ने उनको उनका हक दे दिया है। भाजपा की सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार और कर्मचारियों को कई-कई महीने वेतन न मिलने की खबरें आती थी, लेकिन अब सबको समय पर वेतन मिल रहा है और कच्चे सफाईकर्मी पक्के भी किए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने के संबंध में बुधवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 15 साल से दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार थी। भाजपा ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सफाई कर्मचारियों की हमेशा यही मांग रही कि उनको पक्का किया जाए। उस प्रक्रिया को सरकार ने आगे बढ़ाया है। केजरीवाल ने आगे कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने अभी डेढ़ साल ही हुए हैं। इन डेढ़ साल के अंदर हमने करीब 30 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है। यह आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता को दिखाता है। कच्चे कर्मचारियों का मतलब शोषण होता है। जब भी हमें जिस भी सरकार में जहां भी मौका मिलेगा, हम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेंगे और कच्चे कर्मचारियों का सिस्टम भी धीरे-धीरे खत्म करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि दिवाली आने वाली है। दिवाली के मौके पर यह बहुत बड़ी घोषणा है।






### भाजपा ने किया सफाई कर्मियों का शोषण...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एमसीडी** सदन में मंगलवार को पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव पास होने पर खुशी जाहिर की है। अब उन्होंने बुधवार को प्रेस वार्ता कर सभी कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली के सफाई कर्मियों से किया वादा हमने पूरा किया। नगर निगम में 5000 कच्चे सफाई कर्मियों को हमने पक्का कर दिया है। सभी को बहुत-बहुत बधाई।

**समय पर मिल रहा है कर्मियों को वेतन:** केजरीवाल उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के शासन में एमसीडी में बहुत भ्रष्टाचार था, समय पर तनख्वाह नहीं मिलती थी, कर्मचारी पक्के नहीं होते थे, और भी बहुत समस्याएं थीं। 10 माह में हमने एमसीडी में बहुत कुछ सुधार किया है। अब सभी कर्मियों को समय पर वेतन मिलने लगा है। सफाईकर्मियों को नियमित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। अभी हमने पांच हजार सफाईकर्मियों को नियमित करने की घोषणा की है। सभी को बहुत बहुत बधाई। दिल्ली वासियों को भी दीवाली और छठ सहित सभी त्यौहारों की ढेरों शुभकामनाएं।

# दिल्ली में सांसों पर संकट बढ़ा, एक्यूआई का स्तर 336



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में लगातार वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। बुधवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 336 पहुंच गया। मंगलवार को एक्यूआई 327 दर्ज किया गया था। पिछले तीन दिन से एक्यूआई में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदूषण की स्थिति और गंभीर रूप धारण कर सकती है। सफर के मुताबिक धीरपुर में पीएम 2.5 के साथ एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी के तहत 380 पर था। पूसा और दिल्ली विश्वविद्यालय में एक्यूआई ने पीएम 2.5 को 311 और 391 को बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया। वहीं, नोएडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक 357 रहा, जबकि गुरुग्राम का एक्यूआई 323 दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# लग्जरी कारें चोरी कर उत्तर-पूर्वी राज्यों में बचने वाले चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** से लग्जरी कारें चोरी कर उत्तर-पूर्वी राज्यों में बचने वाले एक हाइटेक अंतरराज्जीय गिरोह का दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में चार आरोपितों को दबोचा है। इनके पास से 10 लग्जरी कारों के अलावा 50 मास्टर की, 10 फर्जी नंबर प्लेट, एक फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के अलावा विशेष तरह का सॉफ्टवेयर बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपितों की पहचान मुख्य आरोपित दीपा सराय चौक, संभल, यूपी निवासी मोहम्मद सबलू (24), दीपा सराय संभल निवासी मोहम्मद आसिफ (22), अरुणाचल प्रदेश निवासी सागर बर्मन (23) और पसांग तमंग (33) के रूप में हुई है। सबलू विभिन्न कार चोरों से ऑन डिमांड की गई कार चोरी की डिलीवरी लेकर अरुणाचल प्रदेश में सागर और पसांग को भेज देता था। इसके बदले मोटी रकम वसूली जाती थी। सागर और पसांग दोनों अरुणाचल में पुरानी कारों के डीलर हैं, वह ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों से मिली-भगत कर इन चोरी की गाड़ियों के पेपर तैयार करवा लेते थे। बाद में इनको मोटी कीमत पर बेच दिया जाता था। गैंग पिछले कुछ समय में दिल्ली-एनसीआर में 200 से ज्यादा लग्जरी कारों को ठिकाने लगा चुका है। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि पिछले काफी समय से दिल्ली-एनसीआर से लग्जरी गाड़ियां चोरी हो रही थीं। इनमें क्रेटा, अलक्जार, फॉरच्यूनर, होंडा सिटी, आई-20 समेत दूसरी गाड़ियां चोरी हो रही थी। छानबीन के दौरान पता चला कि इन गाड़ियों को चोरी कर उत्तर-पूर्वी राज्यों में बेचा जा रहा है।



**शिकंजा**

**8 10 फर्जी नंबर प्लेट, एक फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के अलावा विशेष तरह का सॉफ्टवेयर बरामद किया**

# दिल्ली के द्वारका में एलपीजी सिलेंडर फटा, पांच लोग झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**द्वारका** इलाके में एक घर में सिलेंडर फटने से पांच लोग झुलस गए हैं। बुधवार को पुलिस ने इस संबंध में जानकारी दी है। घायलों की पहचान द्वारका के पालम विहार निवासी राधे श्याम, राम भरोसे, चंद्र, सत्य नारायण और अनिल के रूप में हुई है।

**ब्लास्ट में पांच लोग घायल:** पुलिस ने बताया कि मंगलवार की रात 10 बजे एक बिल्डिंग के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन को मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गए हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और सामान भी जल गया है।



राजधानी में डीटीसी व कलस्टर बसों पर तैनात 10 हजार से भी अधिक मार्शल अपनी रोजी रोटी व नौकरी को बचाने के लिए लम्बे समय से संघर्ष कर रहे है। आज अचानक इस आंदोलन ने नया रुप ले लिया, जब दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने धरने में पहुंचकर आंदोलन की न केवल खुला समर्थन देने की घोषणा की बल्कि खुद दिल्ली सचिवालय के बाहर धरने पर बैठकर मार्शलों के इस आंदोलन में शामिल हो गए।

# दिल्ली: कुछ इलाकों में दो दिन नहीं आएगा पानी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** के कुछ इलाकों में दो दिन पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। पानी की सप्लाई बाधित होने से लोगों को भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ सकता है। चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर कुछ काम के चलते पानी की आपूर्ति बाधित होगी।

**गुरुवार से बंद रहेगा प्लांट:** दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट फ्लोमीटर को लगाने के चलते गुरुवार से दो दिनों के लिए बंद रहेगा। कहा गया कि चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 02 नवंबर को सुबह 10 बजे से बंद रहेगा। इसके चलते 02 नवंबर यानी गुरुवार को शाम और 03 नवंबर की सुबह कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई उपलब्ध नहीं होगी।

**बाधित होगी पानी की आपूर्ति:** इस दौरान दिल्ली के सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़ गंज और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। डीजेबी ने कहा कि पुराने और नए राजिंदर नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी के आसपास के इलाकों और छावनी क्षेत्र और दक्षिण दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी।

**पानी की सप्लाई**

**8 पानी की सप्लाई बाधित होने से लोगों को भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ सकता है**

# कोर्ट का फैसला: दिल्ली दंगे में आगजनी के आरोप से एक व्यक्ति बरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** दंगे में आगजनी के एक मामले में मंगलवार को कड़कड़डूमा कोर्ट ने एक व्यक्ति को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचल के कोर्ट ने संदीप कुमार को बरी करते हुए कहा कि पुलिस यह साबित नहीं कर पाई कि इस घटना को अंजाम देने वाली दंगाई भीड़ में वह शामिल था। साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस मामले जोड़ी गई 19 अन्य शिकायतों की ठीक से जांच नहीं हुई है। साथ ही आरोपपत्र और कुछ शिकायतों की अनट्रेस रिपोर्ट एकसाथ दाखिल किए जाने पर हैरानी जताते हुए कहा कि पुलिस की यह गलत प्रैक्टिस है। बिना ठोस आधार के इन शिकायतों को जोड़ दिया गया।

**कोर्ट में दाखिल की समग्र रिपोर्ट दाखिल की गई:** कोर्ट ने कहा कि अनट्रेस या क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में प्रत्येक शिकायतकर्ता को मजिस्ट्रेट के समक्ष जाने का अधिकार है, क्योंकि इस मामले में कई शिकायतों को गलत प्रकार से एकसाथ जोड़ कर जांच की गई और उसकी समग्र रिपोर्ट दाखिल की गई। ऐसे में शिकायतकर्ताओं द्वारा अपने अधिकार का प्रयोग नहीं किया जा सका। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह इन 19 शिकायतों की अलग जांच करे।

**दंगाइयों ने कई क्षेत्रों में किया हमला:** दंगाइयों ने 25 फरवरी 2020 को करावल नगर थाना क्षेत्र में कई जगह हमला किया था, जिसमें शिव विहार 25 फुटा रोड फेज-10 में शौकीन के घर में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी थी। घर के नीचे दुकान भी जला दी गई थी। इस मामले को पंजीकृत करने के बाद जांच के दौरान 19 शिकायतें जोड़ी गई थीं। इस मामले में शिव विहार फेज-नौ गली नंबर 11 निवासी संदीप कुमार को आरोपित बनाया गया था। अगस्त 2021 में उसके खिलाफ कोर्ट ने दंगा, चोरी, आगजनी, धमकी देने समेत कई आरोप तय किए थे। ट्रायल के दौरान अभियोजन ने इस केस में चश्मदीद के तौर पर पीड़ित शौकीन और हेड कांस्टेबल अशोक कुमार को पेश किया। शौकीन के बयानों से कोर्ट ने पाया कि घटना उसके सामने नहीं हुई थी। घटना के वक्त वह लोनी में था। वहीं हेड कांस्टेबल की गवाही पर कोर्ट ने भरोसा नहीं किया। सभी पक्षों को दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने सुदीप कुमार को बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि शौकीन को छोड़ कर बाकी 19 लोगों की शिकायतों पर जांच नहीं हुई।



**समग्र रिपोर्ट**

**8 पुलिस यह साबित नहीं कर पाई कि इस घटना को अंजाम देने वाली दंगाई भीड़ में वह शामिल था**

# पूर्व अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान मामले की सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के तीस हजारी कोर्ट ने दोस्त की नाबालिग बेटी से रेप के आरोपित दिल्ली सरकार के पूर्व अधिकारी प्रेमोदय खाखा के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर सुनवाई टाल दी है। सुनवाई कर रहे जज की अनुपलब्धता की वजह से सुनवाई टली। दिल्ली पुलिस ने प्रेमोदय खाखा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 509, 120बी समेत पॉक्सो की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है। प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने खाखा को 21 अगस्त को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। खाखा की पत्नी सीमा रानी को कोर्ट ने पहले ही हिरासत में भेजा था। खाखा पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच कई बार रेप किया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता की 1 अक्टूबर, 2020 में मौत हो गई थी, जिसके बाद खाखा ने उसे अपने घर उसकी देखभाल के लिए बुला लिया था। पीड़िता खाखा को मामा कहकर बुलाती थी। खाखा की पत्नी ने पीड़िता को गर्भ हटाने वाली गोली खिलाई थी। दिल्ली पुलिस ने दोनों के खिलाफ पॉक्सो के विभिन्न प्रावधानों के अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एफ) , 509, 506, 323, 313, और 120बी के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**नाबालिग से रेप**

**8 दिल्ली पुलिस ने प्रेमोदय खाखा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 509, 120बी समेत पॉक्सो की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है**

# रिश्वतखोरी के मामले की राजस्व अधिकारी के खिलाफ होगी जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने बुधवार को राजस्व विभाग के अधिकारी के खिलाफ रिश्वतखोरी से जुड़े मामले में जांच की मंजूरी दे दी है। अधिकारी पर सरकारी काम के लिए आवेदकों से रिश्वत मांगने का आरोप लगा है।

**योगेश गौड़ के खिलाफ दी गई दो शिकायतें:** जनकपुरी के तत्कालीन सब रजिस्ट्रार योगेश गौड़ के खिलाफ 2019 और 2020 में शिकायत दर्ज की गई थी। एलजी कार्यालय की ओर से कहा गया कि सतर्कता निदेशालय को प्राप्त अनुरोध पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

**चूक और कमीशन के कृत्यों के अकाट्य सबूत:** उपराज्यपाल ने कहा कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ चूक और कमीशन के कृत्यों के अकाट्य सबूत हैं। उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा नोट के अनुसार, आरोपी अधिकारी दस्तावेजों को लंबित रखता है और रिश्वत देने के बाद ही उन्हें मंजूरी देता है। एक ही व्यक्ति द्वारा दो शिकायतें 04 नवंबर 2019 और 19 मार्च 2020 को दर्ज की गईं।

**30 हजार की रिश्वत देने का आरोप:** दूसरी शिकायत में आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता ने उत्तम नगर में अपनी गुलाब बाग संपत्ति पर बंधक विलेख के पंजीकरण के लिए एजेंट राहुल के माध्यम से 30,000 रुपये की रिश्वत दी थी। रिश्वत की रकम अनधिकृत निर्माण के कारण दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के साथ बुक की गई संपत्ति की मुहर नहीं लगाने के लिए एकत्र की गई थी। प्रेस नोट में कहा गया कि जहां तक शिकायत दिनांक 4.11.2019 का सवाल है, शिकायतकर्ता का आरोप है कि गौड़ बिना कारण के दस्तावेजों को रोकते हैं, जो एसडीएम (राजौरी गार्डन) की अध्यक्षता में जिला पश्चिम द्वारा गठित समिति के निष्कर्ष से पुष्ट होता है।

समिति ने पाया कि आरोपी अधिकारी के पास बिना किसी ठोस कारण के बड़ी संख्या में पंजीकृत दस्तावेज पाए गए, जो उसके गलत इरादे को दर्शाता है।



**आवंटन** दिल्ली विश्वविद्यालय में बीए एलएलबी (आनर्स) और बीबीए एलएलबी (आनर्स) के कोर्स इस वर्ष से शुरू किए हैं

# पांच वर्षीय विधि कार्यक्रम में प्रवेश शुरू, विवि ने जारी की पहली सूची

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नए** सत्र से दिल्ली विश्वविद्यालय में शुरू किए गए पांच वर्षीय विधि कार्यक्रम में प्रवेश शुरू हो गए हैं। डीयू ने चयनित हुए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। पांच नवंबर तक वे फीस जमा कर अपना प्रवेश पक्का कर सकते हैं। छात्रों की आवंटन सूची डीयू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**पहली आवंटन सूची जारी:** दिल्ली विश्वविद्यालय में बीए एलएलबी (आनर्स) और बीबीए एलएलबी (आनर्स) के कोर्स इस वर्ष से शुरू किए हैं। दोनों कोर्सों में 60-60 सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रवेश के लिए छात्रों को कामन ला एडमिशन टेस्ट (क्लेट) के अंकों के आधार पर दिए जा रहे हैं। डीयू की ओर 60-60 सीटों के लिए प्रवेश की पहली आवंटन सूची मंगलवार को जारी कर दी गई है।

**पांच नवंबर तक करें फीस जमा:** जिन छात्रों को सीटें आवंटित की गईं हैं, उन्हें पांच नवंबर रात 11.59 तक फीस जमा करनी होगी। वे आवंटन स्वीकार नहीं करते हैं तो उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। इसलिए प्रवेश पक्का करने के लिए जरूरी है कि छात्र आवंटन स्वीकार कर तय समय में फीस जमा करें। डीन ऑफ एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने बताया कि पहली आवंटन सूची जारी कर दी गई है।

अगर सभी आवंटन स्वीकार कर लिए जाते हैं, तो आगे फिर और राउंड करने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन, छात्र दिए गए आवंटन स्वीकार नहीं करेंगे तो बाद में दूसरी और तीसरी सूची जारी की जाएंगी। छात्र डीयू की वेबसाइट पर जाकर विधि कार्यक्रम के लिए जारी इंफार्मेशन बुलेटिन से और अधिक जानकारी हासिल कर सकते हैं।



**फीस जमा करें**

**8 पांच नवंबर तक वे फीस जमा कर अपना प्रवेश पक्का कर सकते हैं। सूची डीयू की वेबसाइट पर उपलब्ध है**

# अवमानना के दोषी नरेश को छह माह की जेल व दो हजार का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट के एक जज को मौत की सजा देने की मांग करने के मामले में अवमानना के दोषी नरेश शर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट ने जेल भेज दिया है। जस्टिस सुरेश करैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरोपित को 6 महीने की जेल और 2 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। दरअसल, नरेश शर्मा ने सिंगल बेंच के समक्ष तीन याचिकाएं दाखिल की थी। उन याचिकाओं में दिल्ली पुलिस, मुंबई पुलिस, रतन टाटा और केंद्र सरकार पर आपराधिक गतिविधियां संचालित करने का आरोप लगाया गया था।

## संपादकीय

# यातायात नियमों का अनुपालन करें

**वैश्विक** स्तरपर तेजी से विकास के झंडे गाड़ते हुए बढ़ती प्रौद्योगिकी से मानवीय सुख सुविधाओं संसाधनों के नए-नए उच्चस्तरीय आयामो के आविष्कार को अंजाम दिया जा रहा है, याने एक दिन का काम एक मिनट में और एक माह का काम पांच मिनट में निपटाने से सुख सुविधाओं विलोमों का मानवीय जीव आज भोग कर रहा है, परंतु फिर भी मानवीय जीव को समय की कमी आन पड़ी है और बिना किसी भय व अंजाम के सोचतेहुए शीघ्र से मंजिल तक पहुंचने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। जी हां !! हम बात कर रहे हैं परिवहन संसाधनों के विकसित माध्यमों की जो हमें स्कूटी से लेकर हैवी ट्रक तक के रूप में उपलब्ध हैं, जिनमें दुर्घटनाओं की संख्या, मृतकों, घायलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जिनके कारकों मेंमुख्य रूपसे तेजगति,लापरवाही नशे में गाड़ी चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर मौत की भेंट चढ़ा जा रहा है, जिसमें मानवीय व यातायात गलतियों के साथ-साथ परिवहन विभाग की भी समकक्ष रूप से जिम्मेदार है, जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे। चूंकि दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को जारी भारतमें सड़क दुर्घटनाएं रिपोर्ट 2022 में 4.61 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं 1.68 लाख से अधिक मृत्यु और 4.43 लाख से अधिक घायलों के अधिकृत आंकड़ेदर्शाए गए हैं जिसनें एक बार फिर डरा दिया है कि, इतना बड़ा कंट्रोलर यातायात विभाग के होते हुए इतनी बड़ी दुर्घटनाएं कैसे हो गई। मैं अपनी छोटी सी सिटी गोंदिया तक में ही देखता हूं कि, किस तरह से वाहन चालक रेड लाइट क्रॉस करते हैं बिना हेलमेट, ट्रिप-चौपाल सीट, बिना हेलमेट, पीयूसी के गाड़ी चलाना 10-15 साल के बच्चों द्वारा ट्यूशन पर गाड़ी ले जाना सहित अनेक बातों से यातायात अधिकारियों की धज्जियां उड़ाई जाती है और स्टाफ देखते रहता है या फिर मलाई खाने में मस्त रहकर चुप रहता है। यहां लोग बिंदास कहते हैं कि क्या होगा जी 100-500 दे देंगे, चला देंगे काहे का चालान! और काहे की पनिशमेंट! बस!! यही क्रम मेरा मानना है कि पूरे देश में शुरू है, जिसका परिणाम इस रिपोर्ट 2022 में देखने को मिल रहा है। इसलिए इसे रोकने उच्च स्तरीय शासकीय कढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक जन जागरणअभियान चलाना होगा। हर नागरिक को यातायात अधिनियमों के प्रति अपनी जवाबदेही समझनी होगी, हर ट्रैफिक सिपाही को मलाई से तौबा कर ईमानदारी का चोलाउ ओढ़ना होगा, हर खाकी को ईमानदारी से एक्शन लेना होगा, जिसके परिणाम हम आगे अगले साल आने वाली सड़क दुर्घटनाऐ रिपोर्ट 2023 में अपनी सफलताओं का रिजल्ट देख सकते हैं, यानि जीरो एक्सीडेंट जो हमारे पुराने सुखी जीवन का द्वारा होगा! चूंकि भारत में सड़क दुर्घटनाएं रिपोर्ट 2022 के भयानक आंकड़े हमारे सामने हैं इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुर्घटनाओं में योगदान देने वाले कारकों का समाधान करने व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की तात्कालिक आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम 31 अक्टूबर 2023 को जारी भारत में सड़क दुर्घटनाएं रिपोर्ट 2022 की करें तो, रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) द्वारा कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,68,491 लोगों ने जान गंवाई और 4,43,366 लोग घायल हो गए।

# कब सुधरेगें सीवर सफाईकर्मियों के हालात

**रमेश सर्राफ धमोरा**

"इस प्रथा को बंद करने की मांग करने वाले लोगों का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों से करवाई जाती है। सीवेज सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवेज की सफाई बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के करते हैं। सीवेज की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवेज की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे साफ है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है।"

**देश में स**ीवेज की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनो केन्द्र व सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस. रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवेज की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। पीठ ने कहा केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को उसे 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। इस दौरान पीठ ने कई निर्देश जारी किए। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवेज से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए।

यह सच है कि प्रतिबंध के बावजूद आज भी भारत में गंदी नालियों और सैप्टिक टैंकों की सफाई इंसान के हाथों से की जाती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में इस तरह की सफाई करने के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। लोकसभा में सामाजिक न्याय मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में माना है कि भारत में इंसानों से गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों को साफ करवाने की प्रथा अभी भी जारी है और इसमें सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस खतरनाक काम को करने के दौरान 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाईकर्मियों की जान जा चुकी है। देश के 18 राज्यों के आंकड़े मंत्रालय के पास हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक इन पांच साल में इस तरह की सफाई के दौरान सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 51 लोग मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु में 48 लोग,



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 44 लोग, हरियाणा में 38 लोग, महाराष्ट्र में 34 लोग और गुजरात में 28 लोग मारे गए हैं।

इस प्रथा को बंद करने की मांग करने वाले लोगों का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों से करवाई जाती है। सीवेज सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवेज की सफाई बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के करते हैं। सीवेज की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवेज की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे साफ है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है। सीवेज सफाई के काम में लगे लोगों को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है। देश में पिछले एक वर्ष में सीवेज की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी हैं। इनमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है। गटर साफ करने वाले लोगों के लिये बीमा की भी कोई सुविधा नहीं होती है। आमतौर पर सीवेज में उतरने से पहले सफाईकर्मी शराब पीते हैं। शराब पीने के बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। तभी सीवेज में उतरते ही इनका दम घुटने लगता है।

सफाई का काम करने के बाद उन्हें नहाने के लिए साबुन, नहाने तथा पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की होती है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं इनको अभी तक नहीं मिल पा रही है। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले भी ऐसी मौतों पर चिंता जताने के साथ ही सख्त टिप्पणी कर चुका है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार कहा था कि देश में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। मनुष्य के साथ मनुष्य का इस तरह का व्यवहार सबसे अधिक अमानवीय आचरण है। इन परिस्थितियों में बदलाव होना चाहिए। दुनिया के किसी भी देश में लोगों को इस तरह के गैस चैम्बरों में मरने के लिए नहीं भेजा जाता। संविधान में प्रावधान है कि सभी मनुष्य समान हैं, लेकिन संबंधित उन्हें समान सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाते हैं। कोर्ट के निदेर्शों के अनुसार सीवेज की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाइन के नक्शे, उसकी गहराई का आंकड़ा, सीवेज सफाई के काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, नियमित प्रशिक्षण देने के नियम का पालन होता कहीं नहीं दिखता है। सभी सरकारी दिशा-निदेर्शों में दर्ज है कि सीवेज सफाई करने वालों को गैस -टेस्टर, गंदी हवा को बाहर फेंकने के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा और कान को ढंकने का कैप, हेलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी इस बारे में कड़े आदेश जारी कर चुका है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं गायब है। सीवेज लाइनों की लंबाई तो हर दिन बढ़ रही है। वहीं सफाई करने वालों की संख्या में कमी की जा रही है। मैनुअल स्केवेंजर्स का रोजगार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को 2013 में ही प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन इस कानून में कुछ शर्तों के साथ गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों की इंसानों द्वारा सफाई कराने की इजाजत है।

इन शर्तों के तहत सफाई के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य है, लेकिन अकसर नियमों का पालन नहीं किया जाता है। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में सीवेज की खुदाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत के मामले में अपर जिला न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कंपनी के इंजीनियर सहित तीन लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुये दस-दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने माना कि काम कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा का इंतजाम करना कम्पनी की जिम्मेदारी थी। उस दिन कम्पनी की ओर से सीवेज का काम किया जा रहा था। वहां सुरक्षा संबंधी पर्याय उपाय नहीं करने के कारण तीन मजदूरों को जान गंवानी पड़ी थी। अब देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले पर सरकारें कितनी गंभीरता दिखाती हैं।

## कविता

जख़्म देने वालों के हक में की दुआ जाए
इन्तिकाम जर्बत का इस तरह लिया जाए

जब यहाँ पे हर कोई गूंगा भी है बहरा भी
किस से क्या कहा जाए किस से क्या सुना जाए

भाई भाई का दुश्मन बेटा बाप का दुश्मन
बोलो ऐसे आलम में किस तरह जिया जाए

दर्द नाक कितना है ये जहाने - तन्हाई
आओ अपनी यादों की भीड़ में चला जाए

जब खिजाँ नवाजी ही अपना मशगला ठहरा
इन्तिजारे - फस्ले - गुल किस लिए किया जाए

कोई हद भी होती है जश्ने - खुद फरेबी की
वो हँसी हँसूँ कब तक जो हँसी रुला जाए

**जकी तारिक**

# क्रिकेट का कोहिनूर विराट कोहली

**आर.के. सिन्हा**

**विराट** कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते, या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का तीन बार यात्रा कर चुकी है। वे इस साल के आरंभ में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। अगर विराट कोहली की शख्सियत इस पक्ष से हटकर बात करें तो वे आजकल अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। वे सारी दुनिया की क्रिकेट के सबसे सम्मानित खिलाड़ी बन चुके हैं। विराट कोहली का आगामी 5 नवंबर को 35 वां जन्म दिन है। उस दिन वे कोलकाता के ईडन गार्डन के मैदान में खेल रहे होंगे। उनके क्रिकेट मैदान की शतकों का उनके करोड़ों फैंस को इंतजार रहता है। क्या विराट कोहली अपन जन्म दिन पर साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में शतक मारेंगे? विराट कोहली वनडे क्रिकेट में एक महारिकॉर्ड से एक शतक दूर हैं। पिछले मैच में वे इस रिकॉर्ड से महज 5 रन दूर रह गए थे। विराट के नाम वनडे में 48 शतक दर्ज हैं, सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड 49 का है जो सचिन तेंदुलकर के नाम है। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते हुए देखे गए थे। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। उनका बचपन पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में गुजरा। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिए। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। एक बार आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान उनके गुस्से का शिकार एक अंग्रेजी अखबार का पत्रकार भी हुआ था। अब विराट ने विनम्रता का सहारा लेकर अपने व्यक्तित्व में सुधार किया है वराट कोहली अब देश की सरहदों को पार करके दुनिया का सबसे पसंदीदा क्रिकेटर हैं । वे क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम भी हैं।

## विचार

# बड़वानी जिले में भाजपा को 2018 के परिणाम बदलने की चुनौती

**मध्यप्रदेश** का आदिवासी बाहुल्य जिला बड़वानी जहां विधानसभा की चार सीट है। इन चारो में से तीन पर अभी कांग्रेस का कब्जा है। बड़वानी विधानसभा में प्रेमसिंह पटेल भाजपा के विधायक है। इसके अलावा राजपुर में बाला बच्चन कांग्रेस विधायक है, सेंधवा में ग्यारसीलाल रावत कांग्रेस के विधायक है, पानसेमल में चंद्रभागा किराड़े कांग्रेस की विधायक है। अब जबकि मौजूदा विधायकों में तीन अपना भाग्य फिर से आजमा रहे है। एक विधायक का पार्टी ने टिकिट काट दिया है। कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2018 के परिणामों में तीन सीट बरकरार रखना है। एक सीट भाजपा से छीनना है। इसके विपरित भाजपा को तीन सीट कांग्रेस से जीतकर अपने पक्ष में करना है। याने बड़वानी सीट को बरकरार रखते हुए सेंधवा, राजपुर, पानसेमल सीटों पर जीत दर्ज करना है। बड़वानी जिले की आदिवासी बाहुल्य इन चारो विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जिले में इस बार आप पार्टी ने भी अपनी दस्तक दी है। वैसे आप पार्टी का अभी इस जिले में जनाधार नहीं है, किंतु जिन्हे राजनीतिक पार्टी ने टिकिट नहीं दिए उन्होंने आप से लड़ना निर्दलीय लडने से बेहतर समझा। निर्दलीय भी मैदान में है, किंतु उनका कम ही असर होगा। इस जिले में चारो विधानसभा सीटों पर भाजपाझकांग्रेस की सीधी टक्कर नजर आती है।

**बड़वानी में प्रेमसिंह पटेल के मुकाबले राजन मंडलोई:** मध्यप्रदेश का विधानसभा क्रमांक 190 याने कि बड़वानी जहां के मौजूदा विधायक प्रेमसिंह पटेल हैं। जिले में एकमात्र भाजपा विधायक है। एमपी सरकार में कैबिनेट मंत्री भी है। वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस की फूट की वजह से सबसे अधिक मतों से विजय रहे। कांग्रेस की फूट ही वह कारण रहा जिसने कांग्रेस के उम्मीदवार को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। वर्ष 2018 के चुनाव में प्रेमसिंह पटेल को 88151 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस के उम्मीदवार रमेश पटेल को 34084 और जबके निर्दलीय उम्मीदवार राजन मंडलोई को 49334 मत प्राप्त हुए थे। वर्ष 2018 के प्रदर्शन के कारण ही कांग्रेस ने राजन मंडलोई पर भरोसा जताया है। राजन ने अपने शपथझपत्र में अपनी उम्र 50 वर्ष दर्शाई है। अपनी शैक्षणिक योग्यता में बीई तथा एलएलबी करना स्वीकार किया है। भाजपा के उम्मीदवार की तुलना में युवा तथा पढ़ेझलिखे है। राजन मंडलोई के सामने भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमसिंह पटेल है। जिनकी उम्र शपथझपत्र अनुसार 63 वर्ष दर्शाई गई है। प्रेमसिंह पटेल की शैक्षणिक योग्यता 4थी क्लास दर्शाई गई है। एक से अधिक बार बड़वानी विधानसभा के विधायक प्रेमसिंह पटेल का बड़वानी की राजनीति में बरसो से कब्जा बना हुआ है। उनके पुत्र बलवंत पटेल बड़वानी जिला पंचायत के अध्यक्ष है। अनुभवी प्रेमसिंह का मुकाबला कांग्रेस के युवा इंजीनियर और वकील राजन मंडलोई से है। राजन बड़वानी नपा के अध्यक्ष रह चुके है।बड़वानी की इस विधानसभा में मुकाबला भाजपाझकांग्रेस के बीच ही दिखाई देता है। भाजपा को यह सीट बचाने की चुनौती है तो कांग्रेस को भाजपा से जीतकर अपने नाम करने की चुनौती दिखाई दे रही है।

**पानसेमल में चंद्रभागा किराड़े विरुद्ध श्याम बरड़े:** बड़वानी जिले की अगली विधानसभा 189 पानसेमल इन दिनों काफी चर्चा में है, चर्चा का कारण कांग्रेस पार्टी के अंदर चल रही खींचतान को माना जा रहा है। कांग्रेस ने यहां फिर से विधायक चंद्रभागा किराड़े को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। चंद्रभागा किराड़े के विरुद्ध स्थानीय विरोध बड़े स्तर पर देखा जा रहा हैं।

जिसके कारण विधानसभा में विरोधी मिलकर निर्दलीय को चुनाव में उतार रहे है। एक से अधिक निर्दलीय भी चुनाव में भाग ले सकते है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रभागा किराड़े 65 वर्षीय हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता बीए, एलएलबी हैं। उनके मुकाबले भाजपा ने युवा चेहरे श्याम बरड़े को उम्मीदवार बनाया है। श्याम 47 वर्ष के होकर एमए हिंदी साहित्य तक पढ़े है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक

**निर्मल रानी**

**हमारे** देश का सत्ता नेतृत्व देश के आमजन की सुरक्षा की चाहे जितनी बातें करे ,अपनी तुलना स्वयंभू रूप से पश्चिमी देशों से करने लगे और इसी मुगालते में स्वयं को विश्व गुरु भी बताने लग जाये परन्तु हकीकत तो यह है कि हमारे देश में किसी भी साधारण व्यक्ति चाहे वह बच्चा बूढ़ा या जवान ,पुरुष महिला कोई भी हो वह कभी भी और कहीं भी सुरक्षित नहीं है। उसकी जान को हर समय खतरा बना रहता है। कब किसे सामने या पीछे से कोई छुट्टा सांड या गाय आकर उस पर हमला कर दे और उस हमले में उसकी जान तक चली जाये,कुछ पता नहीं। इसी तरह सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों का आतंक भी गोया एक राष्ट्रीय समस्या का रूप धारण कर चुका है। आश्चर्य की बात तो यह है कि ऐसे आवारा पशुओं के हमलों में भले ही किसी की जान क्यों न चली जाये परन्तु हमारे देश में इस से सम्बंधित कोई भी ऐसा कानून नहीं जिससे इस तरह के पशुओं के हमलों में घायल होने या इससे मौत हो जाने की दशा में किसी को जिम्मेदार ठहराया जा सके। बजाये इसके हर गली मोहल्लों में आपको गोवंश की रक्षा का दंभ भरने वाले और अपने पुण्यार्थ उसकी पूजा करने वाले कुछ लोग जरूर मिल जायेंगे। ऐसे लोग यदि गोवंश को रोटी अथवा ग्रास डालकर उन्हें अपने दरवाजे या गली में आने की आदत डालते हैं तो उन्हें गोवंश को रिहाइशी बस्तियों में न्योता दे कर इनसे होने वाले हादसों का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता बल्कि लोग इन्हें धार्मिक,गौसेवक और पशु प्रेमी के रूप में देखते हैं। इनके विरुद्ध किसी कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान नहीं है। जबकि दिन प्रतिदिन इन छुट्टा गोवंशों व आवारा कुत्तों की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ती जा रही है।

इसी तरह पशु प्रेमियों में एक वर्ग है जो स्वयं को 'डॉग अथवा पेट् लवर्स ' कहलाता है।

इनमें तमाम लोग तो अपने घरों में कुत्ते पालते हैं और सुबह सवेरे उन पालतू कुत्तों को लेकर अपने घर के आसपास के किसी प्लाट पर या किसी पड़ोसी के मकान के सामने उसे शौच कराते हैं।

# बस पुराण

**डॉ. सुरेश कुमार**

**इसरो** के वैज्ञानिक और हमारे गाँव के बस यात्री में कोई अंतर नहीं है। एक रॉकेट की उल्टी गिनती को लेकर तो दूजा बस में सीट को लेकर बेचैन रहता है। गाँव में बड़ी मुश्किल से एक बस आती है। इसलिए सीट को लेकर बहुत मारा-मारी होती है। बस आते देखकर हम लोगों की आँखों में एक नया तेज आ जाता है। खून उफान मारने लगता है। कतार में चढ़कर हम पढ़े-लिखे बेवकूफ नहीं कहलाना चाहते थे। इसलिए जैसे ही बस रुकी सभी ने धावा बोल दिया। दरवाजे से बूढ़े-औरतें चढ़ते हैं। असली मर्दानगी तो खिड़की से चढ़ने की है। किसी ने खिड़की पर हाथ रखा तो किसी ने पैर और किसी ने अपना सिर धर दिया। मानो ऐसा लगता किसी भूतिया फिल्म की शूटिंग चल रही हो। सारे के सारे जॉम्बी यहीं से एंट्री लेना चाहते हों। दरवाजें से चढ़ने वाले यात्री अपने भाग्य को उस समय कोसने लगते हैं जब वह सीट की ओर देखता है। सीट पर तो पहले से किसी ने अपना रुमाल, तौलिया, छतरी, गठरी, चप्पल, जूता रख दिया है। सीट छेपने के इस उपाय का पेटेंट न करवाया जाय तो बहुत जल्द नासा वाले इसका पेटेंट करवा लेंगे। पता चला कि वे अंतरिक्ष में जाकर कॉपी कैट की तरह तौलिया, चप्पल, जूते धरकर ग्रहों और तारों पर मालिकाना हक जताने लगे। अजीब स्थिति तो तब तब होती है जब एक बंदा अपनी बाहें और टांगे फैलाकर चार सीटें छेप लेता है। वैसे वे बैठने वाले दो ही बंदे हैं लेकिन चार सीटों को छेपने के पीछे का फंडा विच वन इज बेस्ट वन वाला होता है। जो सीटें अच्छी लगीं उस धर लेते हैं और बाकी छोड़ देते हैं। खिड़की वाली सीट का अपना ही मजा है। खिड़की मिल जाए तो कहने ही क्या। किंतु खिड़की मिलने का यह मजा तब फुर हो जाता है जब कोई मुँह में गुटखे का गुबार बनाए मुँह उठाकर आ जाता है। देखा जाए तो आधार कार्ड में स्त्री, पुरुष, अन्य के साथ-साथ इन लोगों के लिए भी एक कॉलम होना चाहिए। वे बस में चढ़ते ही चूहे की तरह बिल यानी अपने लिए खिड़की वाली सीट ढूँढ़ना शुरू कर देते हैं। उस समय उनके मुँह से केवल एक ही भाषा निकलती है ऊ...ऊ...ऊ...।

## न्यूज फ्लैश

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का करनाल दौरा आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**केन्द्रीय गृहमंत्री** अमित शाह के 2 नवंबर को होने वाले अंत्योदय महासम्मेलन के लिए पुलिस महानिरिक्षक करनाल रेंज सतेन्द्र कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा पुलिस से संबंधित सभी प्रकार की व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है।

यह प्रोग्राम शहर में सेक्टर 4 के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होना प्रस्तावित है। इसके संबंध में पुलिस महानिरिक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार 2 नवंबर को शहर में वाहन चालकों और आमजन की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है।

जिला पुलिस द्वारा 2 नवंबर को सुबह 6 से सांय 3 बजे तक यातायात से संबंधित एडवाइजरी के अनुसार मधुबन से आईटीआई चौंक तक दोनों साइड सर्विस लाइन का प्रयोग करने से बचें। पानीपत से चंडीगढ़ की तरफ जाने वाले व्हीकल मधुबन से आटीआई चौक तक जीटी रोड पुल के ऊपर से होकर जाएं।

इसी प्रकार चंडीगढ़ की तरफ से पानीपत की तरफ जाने वाले व्हीकल आटीआई चौक से मधुबन तक जीटी रोड पुल के ऊपर से होकर जाएं। मुनक की तरफ से आने वाले व्हीकल हांसी चौक से होते हुए कैथल रोड से होकर पश्चिमी यमुना नहर बाईपास का प्रयोग करके झिलमिल ढाबा से होकर चण्डीगढ व पानीपत की तरफ जा सकते हैं। इसी प्रकार कैथल और काछ्वा की तरफ से आने वाले व्हीकल भी पश्चिमी यमुना नहर बाईपास का प्रयोग करके झिलमिल ढाबा से होकर चण्डीगढ व पानीपत की तरफ जा सकते हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# विधायक ने किया करनाल शुगर मिल का निरीक्षण

## मिल में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश, गन्ना किसानों को नहीं होनी चाहिए दिक्कत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**घरौंडा विधायक** हरविंदर कल्याण ने बुधवार को करनाल सहकारी शुगर मिल में पहुंचकर आने वाले पिराई सत्र के लिए वहाँ चल रही तैयारियों की समीक्षा की। विधायक कल्याण बुधवार सुबह अचानक शुगर मिल में पहुँचे और शुगर मिल प्रशासन के साथ विस्तार से चर्चा की।

विधायक ने आने वाले पिराई सत्र के लिए मिल में चल रहे कार्यों का प्रबंध निदेशक तथा तकनीकी स्टाफ के साथ मिलकर निरीक्षण भी किया और शुगर मिल में सभी चल रहे कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को मिल में चल रहे मेनटेनैंस के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

विधायक अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद प्लांट का निरीक्षण करने पहुँचे, जहां उन्होंने टर्बाइन के कार्य में हुई देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने



अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मिल में चल रहे कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि मिल के चलने में देरी न हो और गन्ना किसानों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने मिल प्रबंधन को कार्य प्रगति की रोजाना बारीकी से समीक्षा करने की बात कही और जरूरत पड? पर उचित टेक्नीकल मद्द आदि के लिए उच्च अधिकारियों से भी संपर्क करने को कहा। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व जब विधायक कल्याण सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गाँवों का दौरा कर रहे थे तो वहाँ गन्ना किसानों ने उनके सामने मिल के कार्यों में ढिलाई की बात रखी थी, जिसके कारण उन्होंने मिल के चलने में देरी की आशंका भी जताई थी।

गन्ना किसानों की इस आशंका को देखते हुए ही विधायक आज शुगर मिल में कार्यों की समीक्षा करने के लिए पहुँचे थे। विधायक को मिल प्रशासन ने लगभग एक सप्ताह में मिल का ट्रायल पूरा करने का विश्वास दिलाया। इस दौरान उनके साथ शुगर मिल के प्रबंध निदेशक हितेन्दर शर्मा, शुगर मिल के डायरेक्टर सुरेंद्र बडौता, ओमपाल मढ़ान, गुरमेल गढ़ीबीरबल, पूर्व वाइस चेयरमैन पवन कल्याण, चीफ इंजीनियर भजनलाल कंबोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान की भक्ति में ही शक्ति है : जया किशोरी जी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**श्री** खाटू श्याम कीर्तन मंडल करनाल की तरफ से श्रीमद् भागवत सप्ताह के तीसरे दिन आज कथावाचक पूज्य जया किशोरी जी ने कथा में आज अजामिल की कथा, विश्व रूप चरित्र गयासुर की कथा एवं भक्त प्रहलाद की कथा का प्रसंग सुनाया। आज की कथा में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता, समाजसेवी बृज गुप्ता ने व्यास पीठ को नमन किया। आज की कथा में मुख्य यजमान के रूप में युगल बंसल, पुष्कर गोयल, जतिन सिंगला, रिषभ गर्ग, वीरेंदर बंसल और अमन बंसल शामिल रहे। जया किशोरी जी ने व्यास पीठ को नमन किया। आज की कथा राधा रानी नाम संकीर्तन करते हुए की। नारायण नाम उच्चारण से नरक के भागी अजामिल को मिला स्वर्ग। कान्यकुब्ज ब्राह्मण कुल में जन्मे थे और कर्मकाण्डी थे। एक दिन वह गांव से बाजार जा रहे थे तो उन्होंने एक नर्तकी को देख लिया। नर्तकी वेश्या थी, बावजूद इसके वह उसे अपने घर ले आए। साधुओं ने अजामिल को कहा कि वह अपने होने वाले पुत्र का नाम नारायण रख ले। बस यही हमारी दक्षिणा है।

## ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन की महिला विंग ने मनाया करवा चौथ पर्व

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**आल इंडिया** वैश्य फेडरेशन की महिला विंग की तरफ से स्थानीय होटल में करवा चौथ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आज की होस्ट ईशा बंसल, प्रिय जैन, दीक्षा गर्ग एवं मेघा गर्ग रही।

करवा चौथ को ध्यान में रखकर आज के कार्यक्रम की साज-सज्जा की गई। आज के करवा चौथ के स्पेशल अवसर पर सभी महिलाएं लाल वेशभूषा में आई। करवा के मौके पर सभी होस्ट द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत नृत्य से की गई। फेडरेशन की चेयरपर्सन आशा



गोयल ने बताया कि आज सब सदस्यों ने करवा चौथ उत्सव मनाया। करवा चौथ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है और यह पूरे भारतवर्ष में कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का पालन करती हैं।

कार्यक्रम में सोनिया गोयल को करवा क्वीन के ताज से नवाजा गया। सभी सदस्यों ने बाद में जमकर नाच एवं करवे के गीत गाए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरपर्सन आशा गोयल, सचिव राखी गर्ग, केशियर मोनिका गुप्ता, डॉ.निशा गुप्ता, ईशा बंसल, नीलिमा बंसल, स्माइली गुप्ता, कृति गुप्ता, शिवानी बंसल, मधु गुप्ता, प्रीति गुप्ता, नीरू गोयल, मंजू बंसल, नीतू गर्ग, मीनू तायल, संतोष गुप्ता और कामिनी अग्रवाल आदि मौजूद रही।

## डॉ. रेनू अग्रवाल, वर्षा गोयल एवं संगीता गुप्ता बनी करवा क्वीन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आज** परिचय मिलन एवं जेसीआई करनाल सिटी द्वारा निजी होटल में करवा चौथ एवं दीवाली उत्सव मनाया गया। परिचय मिलन की चेयरपर्सन आरती गर्ग एवं अमिता गर्ग ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया।

जेसीआई करनाल सिटी की लेडीज विंग की चेयरपर्सन सिमरनप्रीत कौर सग्गू ने करवा चौथ एवं दीवाली को ध्यान में



रखकर आज के कार्यक्रम की साज सज्जा की। आज के करवा चौथ के स्पेशल अवसर पर सभी महिलाएं लाल वेशभूषा में आई। आरती गर्ग ने बताया कि करवा चौथ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। यह पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का पालन करती हैं।

## अंत्योदय महासम्मेलन में पानीपत से जायेंगे पांच हजार से अधिक लाभार्थी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार** 2 नवंबर को करनाल में आयोजित अंत्योदय महासम्मेलन में पानीपत जिले से पांच हजार से अधिक लाभार्थी भाग लेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने दी। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि अंत्योदय महासम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए पानीपत जिले से पांच हजार से अधिक विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी महासम्मेलन में भाग लेंगे।

## अपनी सांसों का कर्ज चुकाने के लिए हर व्यक्ति को लगाने चाहिएं पांच पौधे: एसपी



ंच के संयोजक व एसपी द चौहान फिल्म के असल नायक एसपी चौहान ने कहा है कि हर व्यक्ति अपने सांसों का कर्ज पांच पौधे लगाकर चुका सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में पांच पौधे जरूर लगाने चाहिएं और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लेना चाहिए।

वे बुधवार को 57वें हरियाणा दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि खालसा कॉलेज में पौधरोपण करने के बाद पौधों की महता के बारे में प्राध्यापकों व स्टूडेंटस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हराभरा व संरक्षित रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य भी है और जरूरत भी। क्योंकि पौधे हमें ऑक्सीजन, फल, दवाइयां तो देते ही हैं, साथ ही वे प्रकृति को संतुलित रखते हैं, उनके कारण ही वर्षा होती है, वर्षा से अनाज, फल, फूल, प्रकृति और धरती को गर्मी से राहत मिलती है।

एसपी चौहान ने कहा कि अफसोस इस बात का है कि हमें जीवन के सबसे अहम माने जाने वाले इस काम के लिए फुर्सत ही नहीं मिलती और इसी तरह भागमदौड़ में हमारा पूरा जीवन बीत जाता है और बाद में हमारे पास काश के अलावा कुछ भी नहीं बचता। इसलिए काश से बचने के लिए समय रहते सब काम कर लेने चाहिएं। हम सभी पौधे लगाकर व सींचकर अपने जीवन को संतुलित कर सकते हैं। उन्होंने हरियाणा दिवस की बधाई देते हुए सभी को अपने-अपने क्षेत्र में बढ? के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अपने टॉरगेट पर फोक्स करने, रिश्तों के प्रति वफादार रहने और अपने माता-पिता व गुरु का आदर करने के साथ-साथ मोबाइल से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए महापुरुषों के जीवन से जीने की कला सीखने की बात कही। एसपी चौहान ने कहा कि हरियाणा का नाम ही हरि से पड़ा है। यानि हमारे हरियाणा में हरि और हरियाली दोनों का वास है। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

## 'शाह लाभार्थियों को देंगे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**भाजपा जिलाध्यक्ष** योगेंद्र राणा ने व्यवस्था के दृष्टिगत 2 नवंबर को सैक्टर-चार में होने वाले लाभार्थियों के सम्मेलन स्थल का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक हरविंद्र कल्याण, पूर्व उद्योग मंत्री शशीपाल मेहता व अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्ञातव्य है कि करनाल के सैक्टर 4 मे भाजपा द्वारा लाभार्थी महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसे अंत्योदय महासम्मेलन का नाम दिया गया है। भारत सरकार के गृह ंत्री अमित शाह इसमें मुख्य अतिथि



होंगे, जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा कि बताया कि हरियाणा दिवस और प्रदेश की भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर करनाल में दो नवंबर को आयोजित हो रहे अंत्योदय सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत करेंगें। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा, वृद्धावस्था पेंशन और परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वालों से मिलेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री न केवल अपनी सरकार के नौ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह महासम्मेलन हरियाणा में आए उस बदलाव का प्रतीक है, जिसका संकल्प मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व ग्रहण करने पर लिया था। उस समय भय, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद, जाति, वर्ण आदि भेदभावों से त्रस्त हरियाणा प्रदेश की जनता ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए जनादेश दिया था।

## एशियन शूटिंग में रजत पदक जीतकर लौटी दृष्टि का हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

यंग स्टार शूटिंग एकेडमी की शूटर दृष्टि सांगवान ने चांगवाने कोरिया में चल रही 15वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में एयर पिस्टल यूनियन महिला वर्ग में सिल्वर मेडल जीत और व्यक्गित रैकिंग में 7वें नंबर पर रही। आज एकेडमी में पहुंचने पर दृष्टि का सभी खिलाडि?ों के साथ साथ उनकी कोच हिमांशी मलिक ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कोच मलिक ने कहा कि दृष्टि ने बहुत कम समय में कड़ी मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। वह दिन दूर नहीं जब दृष्टि देश का नाम रोशन करेगी। वहीं, मेडल जीतने वाली 17 वर्षीय दृष्टि ने बताया कि उनके पिता बैडमिंटन के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं और वह चाहते थे कि बेटी भी बैडमिंटन में ही आगे जाए। लेकिन अचानक शूटिंग कोच हिमांशी ने मुलाकात हुई। जिसके बाद दृष्टि ने यंग स्टार शूटिंग एकेडमी में ज्वाइन किया। दृष्टि ने कहा कि हर बच्चा प्रतिभावान होता है। बस उसकी प्रतिभा को तलासने की जरूरत होती है।

उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि इतने कम समय में वह इंटरनेशनल खिलाड़ी बन जाएगी। लेकिन अच्छे कोच के कारण यह सब कुछ हो पाया। दृष्टि को कांग्रेस नेता अमर सिंह रावल ने भी बुके देकर सम्मानित किया।

## राकेश टिकैत के एनकाउंटर होने के ब्यान पर भड़की भाकियू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**लोनी के** भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को लेकर एनकाउंटर होने के संबंध में दिए गए बयान पर भाकियू हरियाणा इकाई ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया है। भाकियू नेताओं ने कहा कि आने वाली 3 नवंबर को सीएम सिटी करनाल में भाकियू कार्यकर्ता एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे और इस संबंध में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ ही यह मामला पूरे देश में तूल पकड? लगा है।

बुधवार को करनाल किसान भवन में आयोजित की गई मासिक पंचायत में उक्त निर्णय लिया गया है। किसान पंचायत की अध्यक्षता



भाकियू चेयरमैन यशपाल राणा ने की। रतनमान ने सरकार को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा विधायक नंद किशोर द्वारा दिए गए ब्यान की तुरंत जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि किसान नेता राकेश टिकैत अकेले नहीं है। बल्कि पूरे हिंदुस्तान में उनके पीछे चट्टान की तरह लाखों किसान टिकैत के रूप में खड़े है। भाजपा के लोगों को अपने मन से यह वहम निकाल देना चाहिए कि वह टिकैत को किसी भी जान-माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं।

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए रतनमान ने भाजपा विधायक द्वारा किसान नेता राकेश टिकैत को लेकर दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक विधायक ने ब्यान दिया है कि राकेश टिकैत इनका एनकाउंटर होना था, जिसका भाकियू विरोध करती है। उन्होंने ऐलान किया कि 3 नवंबर को भाकियू कार्यकर्ता जाट भवन में सुबह 11 बजे एकत्रित होकर जिला सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन में सरकार से मांग की जाएगी कि विधायक नंद किशोर के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच की जाए।

रतन मान ने कहा कि गन्ने के दाम बढ़ाए जाने को लेकर पंचकूला में गत 27 अक्टूबर को प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद सरकार ने गत दिवस गन्ने के भाव को लेकर पंचकूला में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गन्ने का भाव बढ़ाए जाने की घोषणा की है।

## न्यूज फ्लैश

### जैन फार्म हाउस के अंदर से खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। मजदूरी** का काम निपटाने के बाद समालखा से मोटरसाइकिल मांग कर लाए मजदूर की जैन फार्म हाउस से रात को मोटरसाइकिल चोरी हो गई । चोरी की सूचना मजदूर ने मोटरसाइकिल के मालिक को दी । सूचना के बाद मोटरसाइकिल मालिक ने चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाया । पुलिस को दी शिकायत में समालखा के रहने वाले वीरेंद्र ने बताया कि गढ़ी केसरी गांव का बॉबी व गांव सेरपूर लोहाटा तहसील बडौत जिला बागपत हाल निवासी भारद्वाज कॉलोनी जैन फार्म हाउस मेरे मकान मे सफेदी कर रहे थे । 31 अक्टूबर की शाम को मेरी मोटर साईकिल हीरो होण्डा को लेकर गन्नौर आया था । मोनू ने मोटरसाइकिल को फार्म हाउस के अंदर खड़ी कर दिया । सुबह मोनु ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फार्म हाउस से उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया है । उसने उसकी आसपास तलाश भी की लेकिन कोई पता नहीं चला। मोटरसाइकिल मालिक ने पुलिस में अपनी मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज करवाया ।

### कोनिका मिनोल्टा ने स्मार्ट वर्कप्लेस समाधान उपलब्ध कराने के लिए फनटेक इनोवेशन के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम।** प्रमुख डिजिटल प्रिंटिंग समाधान प्रदाता कोनिका मिनोल्टा बिजनेस सोल्युशन्स इंडिया ने भारतीय बाजार में आधुनिक मीटिंग रूम टेक्नोलॉजीज लाने के लिए फनटेक इनोवेशन के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी यूनिफाईड कम्युनिकेशन सोल्युशन्स में नया बदलाव लेकर आएगी



तथा भारत में कॉर्पोरेट्स के लिए डिजिटल बदलाव की यात्रा को गति प्रदान करेगी। कोनिका मिनोल्टा इंडिया और फनटेक इनोवेशन के बीच यह साझेदारी भारत में आधुनिक स्मार्ट वर्कप्लेस समाधान उपलब्ध कराने तथा डिजिटल बदलाव को गति प्रदान करने के साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करती है। दोनों कंपनियां एक साथ मिलकर भारत के कारोबारों को आधुनिक तकनीकें उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं, ताकि उनकी उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। भारत में कोनिका मिनोल्टा द्वारा पेश किए गए यूनिफाईड कम्युनिकेशन सोल्युशन्स में कॉन्फ्रैन्स कैमरा, वायरलैस कॉन्फ्रैंसिंग सिस्टम और इंटरैक्टिव डिस्प्ले शामिल हैं। इन बहुमुखी, इनोवेटिव एवं इस्तेमाल में आसान समाधानों को आधुनिक कार्यस्थल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। एक आकर्षक एक्सपेंरिएंशियल जोन ने इस साझेदारी को सशक्त बनाया, इस अवसर पर उद्योग जगत के प्रवक्ता एवं टैक इन्फ्लुएंसर्स भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रोडक्ट कैटलॉग को ट्राय कर, टेस्ट कर इन्हें वैरीफाय किया। इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए री कत्सुहिसा असारी, मैनेजिंग डायरेक्टर, कोनिका मिनोल्टा बिजनेस सोल्युशन्स इंडिया ने कहा, हम कारोबारों के लिए डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। फनटेक इनोवेशन के साथ हमारी साझेदारी हमें ऐसे आधुनिक मीटिंग रूम सोल्युशन्स पेश करने में सक्षम बनाती है, जो आधुनिक वर्कप्लेस की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस साझेदारी के माध्यम से कोनिका मिनोल्टा भारतीय कॉर्पोरेट्स को बेजोड़ सहयोग एवं सेवाएं प्रदान कर उनकी डिजिटल रूपान्तरण की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं। फनटेक इनोवेशन्स के साथ मिलकर हम इन नेक्स्ट-जनरेशन टूल्स के अडॉप्शन को बढ़ावा देंगे।

### एनीमेशन स्टोरी सीरीज स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा की शानदार लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** मूर्ति मीडिया ने एक भव्य आयोजन में अपने यूट्यूब चैनल के लिए एक नए शो स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा को लॉन्च किया। मनोरंजक और शिक्षाप्रद कॉन्टेन्ट बनाने के लिए बतौर प्रॉडक्शन हाउस मूर्ति मीडिया की अपनी अलग पहचान है और यह नई पेशकश इसी पहचान को आगे ले जाने वाला एक और कदम है। स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा के लॉन्च के सिलसिले में 31 अक्टूबर 2023 को मुंबई के जेडब्ल्यू मेरियट होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। अपनी जादुई कहानियों के लिए ख्यात कहानीकार और पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित सुधा मूर्ति प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थीं जिनकी कहानियों पर यह शो तैयार किया गया है। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों में मूर्ति मीडिया की प्रेसिडेंट अपर्णा कृष्णन, कहानियों को एनीमेशन के रूप में प्रस्तुत करने वाले प्रोडक्शन हाउस, कॉसमॉस माया की सीईओ मेघा टाटा, ख्यात गीतकार प्रसून जोशी और जाने-माने संगीतकार शांतनु मोइत्रा मौजूद थे। इस मौके पर सुधा मूर्ति ने अपने जीवन से जुड़े कुछ किस्से साझा करते हुए बताया कि किस तरह उनके अपने जीवन में कहानियों की बहुत अहम भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी दूरदराज के इलाकों में रहने वालों बच्चों तक कहानियों को पहुंचाने की जरूरत है। लॉन्च कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए आपने कहा, ह्लमैं मानती हूं कि कहानियों में बच्चों और बड़ों दोनों को अपनी तरफ खींचने का जादू होता है। स्टोरी टाइम विद सुधा अम्मा के बारे में अपर्णा ने सोचा और यह उनका ही ख्याल था कि मूर्ति मीडिया को इन कहानियों को एनीमेशन के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए और इस तरह इन कहानियों को ज्यादा लोगों के करीब ले जाना चाहिए।

# शहर से गांव तक महिलाओं की पारिस्थितिकी में बदलाव लाएगा ऑपरेशन जागृति

## ऑपरेशन जागृति औपचारिक लॉन्चिंग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। नाबालिग** उम्र में बालिकाएं लव अफेयर, लिव इन रिलेशनशिप जैसे सेनेरियो में फंस जाती हैं। ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको सक्षम महसूस करती हैं। इसके अतिरिक्त टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षड्यंत्रों का शिकार न बने,



भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्बाद न करें और उन्हें मोहरा बनाकर विवादों का समझौता न किया जाये। यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो पूरा न्याय मिल सके। इसके लिए आगरा जोन स्तर पर सभी जनपदों मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ, एटा, हाथरस व कासगंज में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम की कल्पना की गयी है। इस अभियान में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के सभी जनपदों के शहर से गांव स्तर तक आपसी समन्वय से ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, युवा एवं खेल विभाग, सकिय एनजीओ, मनोवैज्ञानिक, काउंसलर्स, चीफ कोर्डिनेटर, पुलिस विभाग आदि कार्यक्रम के लिए यूनीसेफ द्वारा आगरा जोन के दिशा निर्देशन में पूरी कार्ययोजना तैयार की गयी है एवं सम्बन्धित विभागों की भूमिका को भी विस्तृत तौर पर परिभाषित किया गया। प्रथम चरण में तीन माह तक ऑपरेशन जागृति को संचालित किया जाएगा। जिसके तहत महिलाओं, बालक, बालिकाएं एवं उनके अभिभावकों को मनोवैज्ञानिक, काउंसलर द्वारा संवाद स्थापित किया जायेगा। ऑपरेशन जागृति औपचारिक लॉन्चिंग कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम ऑडिटोरियम, छटीकरा रोड, वृंदावन में किया गया। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा एवं उनसे संबंधित जागरूकता के लिए समुदाय स्तर पर सघन आउटरीच प्रोग्राम एक नवंबर से आगरा जोन उत्तर प्रदेश पुलिस के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## यूपी निवासी युवक अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत सीआईए** टू पुलिस ने चौटाला रोड पर गोशाला के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विकास निवासी रधाना मेरठ यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार देर शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चौटाला रोड पर गोशाला के पास मौजद थी। टीम को इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक छाजपुर की तरफ से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान विकास पुत्र तेजपाल निवासी रधाना मेरठ यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 32 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि आरोपी विकास के खिलाफ थाना सेक्टर 29 में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया उसको हथियार रखने का शौक है। उक्त अवैध देसी पिस्तौल उसने कुछ महीने पहले यूपी के मेरठ जिला के सरधना में एक अज्ञात युवक से 10 हजार रूपए में खरीदा था। आरोपी घर वालों से नाराजगी होने पर मंगलवार को पानीपत आया था। पुलिस ने उसको अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू कर लिया।

## नंदी गौशाला प्रांगण में विभिन्न मूर्तियों की स्थापना की

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। खालड़ा** स्थित नंदी गौशाला में श्री रामचंद्र भगवान की मूर्ति का अनावरण प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव के भाई सुरेंद्र पटवारी ने किया। नंदी गौशाला मंदिर में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की मूर्ति व शिव परिवार की मूर्तियों को गौ सेवक सुबोध कांत गुरुजी ने बनवाकर अपनी तरफ से लगाया। इस मौके पर सुरेंद्र पटवारी ने कहा कि भगवान राम हम सब की आस्था के केंद्र हैं। भगवान का सुमिरन करने से मनुष्य का जीवन नैया पार हो जाती है तथा मनुष्य के बड़े से बड़े पाप कट जाते हैं । उन्होंने कहा की बधाई के पात्र है सुबोध कांत गुरुजी का परिवार जिन्होंने अपनी पुण्य



कमाई में से नंदी गौशाला स्थित मंदिर परिसर में श्री रामचंद्र भगवान और शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना करवाई। इस मौके पर नंदी गौशाला प्रधान राजकुमार, जगदीश दीवान, जितेंद्र यादव, दिनेश मास्टर, युवा भाजपा नेता सोमेश यादव सहित अनेको गणमानी लोग मौजूद थे।

## जुआ खेल रहे चार आरोपी गिरफ्तार, दाव पर लगी 21 हजार रूपए की नकदी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत सीआईए** टू पुलिस टीम ने न्यू रमेश नगर में जुआ खेल रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया। मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में दाव पर लगी 21 हजार रूपए की नकदी व एक जोड़ी ताश के पत्ते बरामद हुए। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान भावना चौक पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की चार युवक न्यू रमेश नगर में दीपक के घर के सामने प्लाट में ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो चार युवक जुआ खेलते दिखाई दिए।

## हरियाणा स्कूल में करवाचौथ एवं हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/इंद्रजीत सिंह**

**नारनौल। स्थानीय** मौहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में बुधवार को करवा चौथ एवं हरियाणा दिवस मनाते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र अर्जुन व लोकेष सैनी द्वारा स्वनिर्मित टेली फिल्म जिसमें हरियावणवी संस्कृति से रूबरू करवाते हुए हमारे प्रदेश की आत्मा कहे जाने वाले किसानों की समस्याओं के मद्देनजर पर्यावरण को बचाने, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित करने के लिए शार्ट फिल्म बनाई। जिसको



आज विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने यूट्यूब प्लेटफार्म के माध्यम से प्रसारित किया गया और यह प्रसारण विद्यार्थियों के बीच बड़ी स्क्रीन प्रोजक्टर पर भी दिखाया गया। इस टेली फिल्म द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण प्रदुषण एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में बताया गया। फिल्म की खास बात यह रही की छात्रों ने अपने आस-पास की हरियाणवी संस्कृति एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को हल करने की दिशा में अभिनव विचार को वीडियों के माध्यम से सांझा किया। करवाचौथ के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रागंण में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहन्दी प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं से नैन्सी प्रथम, तमन्ना सोनी द्वितीय और मुस्कान व शिवानी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आम आदमी के बढ़ते जनाधार को देखकर बौखलाई हुई है बीजेपी : नरेंद्र

## पंजाब मिल्क फेड के चेयरमैन नरेंद्र सिंह शेरगिल ने ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिकारा के कार्यालय पर पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । पंजाब सरकार** में मिल्क फेड के चेयरमैन नरेन्द्र सिंह शेरगिल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के हरियाणा दौरे पर आने से पहले ही पार्टी का कुनबा बढ़ने लगा है और यह सिलसिला जारी रहेगा। वह बुधवार को गन्नौर विधानसभा में कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करा रहे थे।उन्होंने कहा कि पांच नवंबर को रोहतक की नई अनाज मंडी के सामने पुराना शुगर मिल मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। शेरगिल ने कहा कि अरविंद



केजरीवाल नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पार्टी का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें 6500 नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कुल 11000 से ज्यादा पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारी जोरों पर है। चेयरमैन ने कहा कि 5 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में 4,000 ऐसे वालंटियर भी शामिल होंगे, जिन्हें पहले ही शपथ दिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों के अलावा, प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड के लिए 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसी नियुक्तियां लगभग 7,500 गांवों और शहरी वार्डों में की गई हैं और पार्टी की आने वाले महीनों में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है, जिसमें इन समिति सदस्यों को भी बुलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए आम आदमी पार्टी कितनी बड़ी चुनौती है इसका एहसास अंदर से उनको है जिसके चलते भाजपा की रातों की नींद चली गई दिन का चैन चला गया है। इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिकारा,किसान सेल के प्रदेश सचिव राजेश कालीरमन,दिलबाग सिंह सैनी,शोकि प्रधान,धर्मपाल नरवाल,सुरेश मलिक,ईश्वर सिंह एडवोकेट,सुनीता व सरोज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रोटीयन ई-गव टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ 06 नवंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा।** प्रोटीयन ई-गव टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (जिसे पहले एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) सोमवार, 06 नवंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलेगा। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के कुल प्रस्ताव आकार में विक्रेता शेयरधारकों के 6,191,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल ("ऑफर") शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 03 नवंबर, 2023 होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए सोमवार, 06 नवंबर, 2023 को खुलेगा और बुधवार, 08 नवंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 752 से 792 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 18 इक्विटी शेयर और उसके बाद 18 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। बिक्री के प्रस्ताव में 360वन स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड (जिसे पहले आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड के रूप में जाना जाता था) के 459,617 इक्विटी शेयर, 360वन स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 2 (जिसे पहले आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 2 के रूप में जाना जाता था) के 320,177 इक्विटी शेयर, 360वन स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 3 (आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 3) के 148,197 इक्विटी शेयर, 360वन स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 4 (आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 4) के 396,843 इक्विटी शेयर, 360वन स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 5 (आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्यूनिटीज फंड - सीरीज 5) के 309,225 इक्विटी शेयर, एनएसई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के 1,783,395 इक्विटी शेयर, यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के विशिष्ट उपक्रम के एडमिनिस्ट्रेटर के 243,175 इक्विटी शेयर, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के 705,674 इक्विटी शेयर, एक्सिस बैंक लिमिटेड के 712,077 इक्विटी शेयर, ड्यूश बैंक ए.जी. के इंडिया ("विक्रेता शेयरधारक") के 400,543 इक्विटी शेयर शामिल हैं ("बिक्री के लिए प्रस्ताव")।

## जल्द मथुरा पहुंचेगी 26 सौ मीट्रिक टन रासायनिक खाद की खेप

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। जल्द** ही रासायनिक खाद की खेप की 26 सौ मीट्रिक टन की खेप मथुरा पहुंचेगी। ट्रेन हादसे के चलते खेप के मथुरा पहुंचने में विलंब हुआ है। जिससे किसानों को खाद के लिए किल्लत का सामना करना पड रहा है। गैहूं की बुआई शुरू हो रही है। सरसों, आलू की पछेती बुआई भी चल रही है। ऐसे में अचानक खाद की किल्ल पैदा होने किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। रासायनिक खाद की पैदा हुई इस कमी का लाभ उठाने की जुगत में लगे लोगों ने बिसात बिछा दी है। जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि किसान थोडा इंतजार करें, खाद जल्द ही सरकारी सेंटरों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। अगर कहीं ओवर रेटिंग हो रही है तो शिकायत जिला कृषि अधिकारी कार्यालय पर करें कार्यवाही की जाएगी।

## जरूरतमंद लोगों को स्टाल लगाकर गर्म कपड़े वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। जनहित** के कार्यों में सर्वदा अग्रणी संस्था रोटरी क्लब नारनौल सिटी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दियों की शुरूआत में ही अपने बहु प्रचलित प्रोजेक्ट नेकी की दीवार का शुभारंभ कर दिया है। महावीर चौक पर रोटरी रसोई के बाहर संचालित होने वाली इस नेकी की दीवार के माध्यम से क्षेत्र के अनेक जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत का सामान कपड़े, बर्तन, खिलौने, जूते इत्यादि उपलब्ध करवाया



जाता है। इसमें शहर के कोई भी नागरिक अपने घरों से अपने पुराने कपड़े जूते इत्यादि गैर जरूरी सामान जो किसी अन्य जरूरतमंद के काम आकर उसके लिए सुविधा बन सकता है। लोग ऐसा अपना कोई भी सामान यहां रोटरी क्लब में पहुंच रहे हैं जहां पर इस नेकी की दीवार के माध्यम से वह सारा सामान झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों, बाहर से आकर यहां रह रहे आश्रितों को मुहैया करवाया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान नरेश गोगिया ने कहा कि आज कल दिवाली की सफाई के समय हम लोग अपने घरों से अतिरिक्त सामान जो हमारे उपयोग में अब नहीं आ रहा है, उस सामान को कोई भी इच्छुक नागरिक रोटरी रसोई पर पहुंचा सकता है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा सके। क्लब सचिव विनोद चौधरी ने बताया कि क्लब द्वारा पिछले 5 वर्षों से हर वर्ष पुराने सामान के लिए यह नेकी की दीवार चलाई जाती है।

# पांच अवैध कॉलोनियों पर चल एमवीडीए का पीलापंजा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। प्राधिकरण के** विकास क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर अकुंश लगाने के लिए प्राधिकरण सचिव एवं विशेष कार्याधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा के अन्तर्गत अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में 31 अक्टूबर को प्राधिकरण द्वारा छाता क्षेत्र में पांच कॉलोनियों पर बड़ी कार्यवाही की गयी। छाता शेरगढ़ रोड़ छाता, मथुरा पर संजीव सिसोदिया आदि द्वारा लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में गनेसा धाम के नाम से विकसित की जा रही। अवैध कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। प्राधिकरण के जेसीबी द्वारा स्थल पर साईट



ऑफिस, गेट, सड़क, चारदीवारी, नाली व अन्य विकास कार्यो को ध्वस्त किया गया। छाता शेरगढ रोड़ पर संजीव सिसोदिया आदि द्वारा लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में गनेसा धाम फेस दो के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। स्थल पर साईट ऑफिस, सडक, चारदीवारी, नाली व अन्य विकास कार्यो को ध्वस्त किया गया। मौजा दद्दीगढ़ी संस्कृति यूनिवर्सिटी के सामने दिल्ली आगरा हाइवे, छाता पर नितिन कुमार अन्य द्वारा एक बडे भूभाग को घेरकर तीन फेस में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की गयी। स्थल पर पर सडक, नाली, साईट ऑफिस, चारदीवारी, विद्युत पोल आदि को ध्वस्त किया गया। छाता कुल्लामल पेटोल पम्प के पीछे एनएच 19 बालाजीपुरम कॉलोनी से आगे छाता, मथुरा पर धर्मवीर सिंह व केशव द्वारा लगभग चार एकड़ क्षेत्र में श्री बांके बिहारी धाम के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की गयी। स्थल पर सड़क, चारदीवारी, नाली, भूखण्डों की ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार छाता कुल्लामल पेटोप पम्प के पीछे एनएच 19 छाता पर जसवन्त प्रधान व गजेन्द्र प्रधान द्वारा लगभग चार एकड़ क्षेत्र में बालाजीपुरम के नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गयी। स्थल पर साईट ऑफिस सड़क, चारदीवारी, नाली, भूखण्डों की सहायता से ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण अभियान में जिलाधिकारी द्वारा नामित मजिस्टेंट, थाना छाता सब इंस्पेक्टर एवं प्राधिकरण के प्रवर्तन दल से सर्वेश कुमार, अवर अभियन्ता, अनिरूद्ध यादव अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहे।

# एसुस इंडिया ने गाजियाबाद में खोला एक्सक्लूसिव स्टोर

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** देश भर में ब्रैंड की रिटेल उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में विशेष कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की प्रमुख टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज गाजियाबाद में अपने एक्सक्लूसिव स्टोर की शुरूआत करने की घोषणा की है। 400 वर्ग फुट में फैला हुआ यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स, जैसे- वीवोबुक, जेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी)



लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज को शामिल करता है। गाजियाबाद में स्थित यह स्टोर ब्रैंड का 5वाँ एक्सक्लूसिव स्टोर है। इस प्रकार, यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 9 एईएस और आरओजी स्टोर्स और साथ ही उत्तर प्रदेश में 20 आउटलेट्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस रिटेल विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिजनेस, एसुस इंडिया, ने कहा, "हम भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। उत्तर भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। ऐसे में, लगातार प्रगति के मार्ग पर चलने वाले टियर क्कशहर, गाजियाबाद में इस नवीनतम ब्रैंड स्टोर का उद्घाटन हमारे नवीनतम नवाचार के अनूठे अनुभव के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम होगा।

# बुजुर्ग दौड़ प्रतियोगिता में रोहताश दहिया रहे प्रथम

## प्रतियोगिता में कांग्रेस के युवा नेता, एडवोकेट एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**

राई हल्के के गांव अकबरपुर बरोटा में बुधवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष में बुजुर्गों के सम्मान में बुजुर्ग दौड़ प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में कांग्रेस के युवा नेता, एडवोकेट एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल ने मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन दहिया कम्युनिकेशन की तरफ से एडवोकेट संजय अंतिल का स्वागत किया। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की नीव है, हमारी धरोहर है, हमें इनका आदर-सम्मान करना चाहिए ताकि ये हँसते खेलते स्वस्थ रहे और इनका आशीर्वाद सदा हम पर बना



रहे । उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है उसे घर में खुशियां आती हैं । उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा बहुत छुपी है। उनको तरसते के लिए गांव में समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है। वे हमेशा खिलाड़ियों की प्रतिभा से उभारने कोशिश में रहते हैं। उन्होने की हर संभव कोशिश में

**सम्मान**

**8 आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की नीव है, हमारी धरोहर है, हमें इनका आदर-सम्मान करना चाहिए**

खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कांग्रेस नेता संजय ने कहा कि गांव में खेलों के प्रति बहुत जागरूकता आई है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी भी बिन खेलों में पदक जीत कर अपने गांव व देश का नाम रोशन कर रहे हैं । बुजुर्गों की 60 वर्ष से ऊपर की दौड़ में रोहताश दहिया प्रथम, श्रीभगवान फौजी ने दूसरा , सुरेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया 50 साल से ऊपर की उम्र में काला माजरा ने प्रथम , कृष्णा दहिया ने दूसरा व नरेश सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजन दीपक दहिया, जितेंद्र दहिया ने युवा खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि जब भी उनके सहयोग की जरूरत होगी वह इसके लिए तैयार हैं । इस मौके पर रवि पंच , पांच, नीरज पंच, राहुल, अनिल दहिया , संजय चौहान (सरपंच), दीपक चौहान कर्णी सेना अध्यक्ष, डा. केपी सिंह राजपूत (समाजसेवी), बलदेव राज डावरा (भूतपूर्व सरपंच), सुरेन्द्र दहिया, आदि मौजूद थे।

# जहरीला हवा बन रही लोगों की सेहत के लिए मुसीबत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राजधानी दिल्ली** से सटे सोनीपत जिले की वायु जहरीली होने लगी है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल में गत कुछ दिनों में मरीजों की संख्या में 30 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिल रहा है। अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारे लगने लगी है। सरकारी व निजी अस्पतालों में सास, आंखों में जलन, गले जैसी बीमारियों की मरीज ज्यादा संख्या में पहुंचने लगे है। जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन की तरफ से चिकित्सकों को मरीजों की सुविधा के लिए जरूरी दिशा-निर्देश तक जारी करने पड़ रहे है। वहीं अस्पताल के चिकित्सक जरूरी कार्य होने पर घर से बाहर निकलने की सलाह लोगों को दे रही है। ताकि लोगों को बीमार होने से बचाया जा सके। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज ओपीडी संख्या-1600 के करीब रहती थी। लेकिन उक्त संख्या हाल के दिनों में दो हजार से ज्यादा देखी जा रही है। रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर, ओपीडी सहित दवा लेने के लिए मरीजों भीड़ देखने को मिल रही है। ओपीडी नंबर-7,8 व नेत्ररोग विशेषज्ञ सहित ईएनटी के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगने लगी है। लोगों को बाहर निकलने पर सांस संबंधित, नेत्र रोग, गले व छाती में रूकवाट जैसी परेशानी होने लगी है। हाल के दिनों में वायु गुणवत्ता की मात्रा 379 तक जा पहुंची है। देश की राजधानी के साथ-साथ सोनीपत जिले में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होती जा रही है। जिसका अस्पताल सोनीपत जिले में भी देखने को मिल रहा है। एक सप्ताह में अस्पताल में मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक का इजाफ हुआ है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाएं जा रहे है।

**ओपीडी में तीन-तीन फिजिशियन व तीन नेत्र रोग विशेषज्ञ तैनात:** जिले की आबो-हवा जहरीली होने के लिए लोगों को रूक बीमारियों को लेकर अस्पतालों की तरफ होने लगा है। नागरिक अस्पताल में

**मरीज बढ़े**

**8 डा. शिलैंद्र राणा बताते है कि अध्ययनों में वायु प्रदूषण को आंतों में अस्वास्थ्यकर रूप से बदलाव करते हुए भी देखा गया है**

आंख, गले, सांस लेने सहित अन्य बीमारियों को लेकर भीड़ लग रही है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से फिजिशियन ओपीडी की संख्या को बढ़ाकर तीन कर दिया गया है। डा. सीमा सिंह, डा. राकेश फोगाट, डा. संदीप सिंह सहित डा. शिलैंद्र राणा की डयूटी ओपीडी में लगाई गई है। वहीं नेत्र रोग ओपीडी में डा. लतिका शर्मा, डा. सुशील मनी कटारिया, डा. विकास सहित अन्य चिकित्सक को तैनात किया गया है। गले से संबंधित रोगों की बढ़ती ओपीडी में भीड़ मिलने लगी है। डा. प्रदीप लाकड़ा ईएनटी स्पेशलिस्ट लोगों की गले की बीमारियों के लिए अस्पताल में तैनात है।

**डायबिटीज रोगियों पर प्रदूषण का दुष्प्रभाव:** वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से न सिर्फ टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम रहता है साथ ही पहले से ही डायबिटीज के शिकार लोगों के लिए भी ये जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। वायु प्रदूषण के कारण शरीर में इंफ्लामेशन बढ़ने और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने का जोखिम रहता है। ये नकारात्मक प्रभाव रक्त शर्करा को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन की शक्ति को कमजोर कर सकती है। डा. शिलैंद्र राणा बताते है कि अध्ययनों में वायु प्रदूषण को आंतों में अस्वास्थ्यकर रूप से बदलाव करते हुए भी देखा गया है, जो संभावित रूप से टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाली स्थिति है। डा. प्रदीप लाकड़ा ने बताया कि हवा में मौजूद सूक्ष्म कण इतने छोटे होते हैं कि वे श्वसन पथ में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं, जिससे फेफड़ों को गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### त्योहारी सीजन को लेकर खाद्य विभाग की तरफ से चार दुकानों पर छापेमारी, सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

**सोनीपत: त्योहारी सीजन** में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकथाम के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से लगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। टीम ने मंगलवार को मिठाई की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की। मिलावटखोरी रोकने के लिए टीम की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। टीम ने चार मिष्ठान भंडार से मिठाई के सात नमूने भरे। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य, औषधि एवं उत्पाद शुल्क प्रयोगशाला, चंडीगढ़ में भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. जोगेंद्र ने सबसे पहले ककरोई रोड पर सेक्टर-23 के पास एमजी स्वीट्स पर छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकान से मावा व बेसन के लड्डू के नमूने भरा। इस दौरान उन्होंने दुकान में सफाई व्यवस्था की जांच की। इसके बाद टीम काठ मंडी के पास महालक्ष्मी स्वीट्स पर पहुंची। जहां टीम ने चमचम, मावा बर्फी व पनीर के नमूने लिए। इसके बाद टीम ने शिवशक्ति मिष्ठान भंडार से मिल्क केक और ओल्ड डीसी रोड स्थित मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना भरा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. जोगेंद्र ने कहा कि खराब गुणवत्ता का सामान प्रयोग करने वालों के खिलाफ खाद्य सामग्री एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य खाद्य, औषधि एवं उत्पाद शुल्क प्रयोगशाला, चंडीगढ़ से नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन की ओर से आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### सोने की चेन तोड़ने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर थाना** पुलिस ने सोने की चेन तोड़ने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजू निवासी बिलासपुर छतीसगढ़ हाल में जनता कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

बाबा कॉलोनी विमला ने गत 14 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने बच्चे के साथ घर पर सो रही थी। उसी दौरान एक आदमी उसके घर में घुस आया। उसके गले से सोने की चेन चोरी करके फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वहीं दूसरे आरोपित को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ फुदकी निवासी बिहार हाल में आदर्श नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

ऋषिकुंज कॉलोनी निवासी अजय ने गत 29 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी दुकान से किसी ने ताला तोड़कर 25 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप चोरी कर लिया। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी मुख्या सिपाही सतीश ने बताया कि मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने मेरा दामण सिमा दे ओ नणदी के बीरा... गीत गाकर समा बांध दिया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या रिचा चावला ने सभी बच्चों व शिक्षकों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दी ।

प्राचार्या रिचा चावला ने



बताया कि आज के ही दिन 1966 में पंजाब से अलग होकर हरियाणा नया राज्य बना था । इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष हरियाणा दिवस उल्लास पूर्वक मनाया जाता है । उन्होंने कहा कि हरियाणा की संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृति है व इसका किसी भी देश या राज्य की संस्कृति से कोई मुकाबला नहीं हो सकता।

इस मौके पर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नौनिहाल हरियाणवी वेशभूषा पहनकर पहुंचे और हरियाणा की संस्कृति को दशार्या। मुस्कान, अनन्या, प्राची, चाहत, देहर, दीक्षा, वंदना, औरशिया आदि छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया । हरियाणा दिवस पर विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नाटक व हरियाणवी नृत्य आदि प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति को दशार्ते हुए विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन भी किया ।

# दो-पहिया वाहन मांगकर ले गया दोस्त, पुलिस को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बहालगढ़ थाना** क्षेत्र के कुमासपुर गांव में युवक को दोस्त से दो-पहिया वाहन देने महंगा पड़ गया। युवक को दोस्त उसके दो-पहिया वाहन को नहीं लौटा रहा है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

समालखा हाल में कुमासपुर निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह साफ-सफाई करने का काम करता है। हाल के दिनों में वह अपेक्ष ग्रीन सोसाइयटी में काम करता है। उसकी मुलाकात कमल नाम के युवक से हुई। वह उससे कई बार मिल। गत 8 अक्टूबर को वह उसके दो-पहिया वाहन को मांगकर ले गया। पीड़ित ने बताया कि वह पहले भी वाहन को लेकर जाता था, उसके बाद उसे लौटा देता था, लेकिन इस संबंध में उसकी मोटरसाइकिल को वापिस नहीं लौटा रहा है। इस संबंध में अपने स्तर पर लगभग हर संभव प्रयास किए, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

## अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, पूछताछ जार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली थाना** पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कर्ण उर्फ बाबा उर्फ लोटा निवासी नाहरी गांव का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव नाहरी निवासी ललित ने गत 26 मई को पुलिस से शिकायत देकर कबताया कि वह अपने जानकार सतबीर के मकान के सामने खड़ा हुआ था। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर दो युवकों ने जान से मारने की नीयत से उसे पर दो फायर कर दिया। जिसमें एक छोटा सा छर्रा पैर की पींडी में जा लगा। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे चिकित्सक ने छुट्टी दे दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों को नामजद कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नरेश ने बताया कि उनकी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल** लाइन पुलिस ने अलग-अलग दो पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल नाबालिग आरोपित सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार उर्फ रितिक निवासी अहीर माजरा का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने नाबालिग को बाल-सुधार गृह व दूसरे आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी महिला सिपाही उषा ने बताया कि गत 19 अगस्त को शिकायत देकर बताया था कि वह यूनिक मॉल में गया था। मॉल के बाहर बाइक को खड़ा कर चला गया।

# अपना लाईफ सर्टिफिकेट 25 नवम्बर तक जमा करवाएं पेंशनर : जिला खजाना अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हरियाणा खजाना** कार्यालय से पेंशन ले रहे जिला के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के ट्रेजरी ऑफिस में जमा करवा दें। इस लाईफ सर्टिफिकेट को अब जीवन प्रमाण पोर्टल के जरिए ऑनलाईन जमा करवाया जा सकता है।

जिला खजाना अधिकारी सोनीपत संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पेंशनधारक हर साल नवंबर माह के दौरान अपना लाईफ सर्टिफिकेट ट्रेजरी कार्यालय में जमा करवाते हैं। इस बार सरकार की ओर से यह सुविधा दी गई है कि सर्विस से सीधे रिटायर हुए पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन भी दे सकते हैं। इसके लिए उनको सीएससी सेंटर पर जाकर जीवन प्रमाण पोर्टल पर बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी, जिसमें उनके चेहरे की पहचान या हाथों के निशान लगाए जाएंगे। इसके अलावा पेंशनर अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से आधारफेसआरडी व जीवन प्रमाण एप्प को डाउनलोड करके भी अपना लाईफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन कर सकते है। जो पेंशनधारक खजाना कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं, वे पीपीओ, आधार कार्ड व इसमें रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का फोन साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि फैमिली पेंशनर अर्थात जो महिलाएं पति के स्थान पर पेंशन ले रही हैं, उनको खजाना कार्यालय में आना होगा। इन्हें पुनर्विवाह नहीं करवाने पर किसी रोजगार से ना जुड़े होने का प्रमाण पत्र देना है, जिस पर किसी राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए। उन्होंने कहा है कि गोहाना, गन्नौर व खरखौदा के पेंशनधारक भी अपने लाइफ सर्टिफिकेट को सब ट्रेजरी में समय पर जमा करवाएं, जिससे कि उनको निर्बाध गति से पेंशन का लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि साल में एक बार हर पेंशनर के लिए लाईफ सर्टिफिकेट दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। जो पेंशनर्स जिला खजाना कार्यालय सोनीपत अथवा संबंधित उपखजाना गन्नौर, गोहाना एवं खरखौदा में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं उनके लिए अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में तिथि वार शेड्यूल तैयार किया गया है। 09 नवम्बर 2023 तक अपना जीवन प्रमाण पत्र देने के लिए संबंधित खजाना कार्यालय में उपस्थित हो।

# जीवित प्रमाण पत्र जमा कराने का काम 2 नवंबर से

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला खजाना** अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि आगामी 2 से 24 नवम्बर तक पैंशन उपभोक्ता प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक खजाना कार्यालय मे आकर अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। पैंशन उपभोक्ता आधार कार्ड, पी.पी.ओ. नंबर मोबाइल नंबर अपने साथ लेकर आए। 2 से 11 नवम्बर तक ए अक्षर से लेकर जे अक्षर तक, 12 को अवकाश रहेगा। इसी प्रकार 13 को के व एल अक्षर के लिए व 14 से 23 तक एम अक्षर से लेकर वी अक्षर तक तथा 24 को डब्ल्यू, एक्स, वाई व जेड अक्षर के नाम के पैंशन उपभोक्ता अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो पैंशन उपभोक्ता विधवा के रूप में पारिवारिक पेंशन ले रहे है वे उक्त दस्तावेजों के अतिरिक्त पुनर्विवाह नहीं किए होने संबंधी प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं अथवा जो पैंशन उपभोक्ता आश्रित के रूप में पारिवारिक पैंशन ले रहे हैं वे उक्त दस्तावेजों के साथ-साथ फैमिली आई.डी. व आय प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए पैंशन उपभोक्ता को उचित माध्यमों से ही अपना जीवित प्रमाण पत्र खजाना अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही पहुंचे पेंशनर्स जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए निर्धारित किए गए शेड्यूल के अनुसार ही खजाना अधिकारी के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिना शेड्यूल पहुंचने वालों को समय नहीं दिया जाएगा। डाकघर के माध्यम से करवा सकते हैं प्रमाण पत्र जमा जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की वेबसाइट पर लॉगिन कर बुकिंग भी करवा सकते है व घर बैठे सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# 'भगवान की आराधना करने से पापों से मुक्ति मिलती है'

## 'हम सभी को निजी जिंदगी से कुछ समय निकाल करके भगवान की प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण हल्के** के नेता भाई विजय जैन के चाचा और पानीपत शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी जगदीश जैन ने बतौर मुख्य अतिथि गांव बराना के शिव मंदिर में पहुंच करके भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया,और शिव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए जगदीश जैन ने कहा है कि भगवान की आराधना करने से मनुष्य को सभी पापों से मुक्ति मिलती है इसलिए हम सभी को अपने निजी जिंदगी से कुछ समय निकाल करके भगवान



की प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए जगदीश जैन ने कहा है कि आज जो भंडारा गांव बराना निवासियों ने लगाया है इससे हमारे को प्यार और प्रेम से रहने की प्रेरणा मिलती है। क्योंकि संपूर्ण गांव एक पंक्ति में बैठ करके भोजन करता है और इसमें किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता इसी से ही हमारे को प्रेरणा मिलती है कि हम सब मिल करके प्रेम और भाईचारे से रहे इससे भगवान भी खुश होते हैं और संपूर्ण समाज में एकता की भावना जागृत होती है।

इस अवसर पर सतपाल राणा,जयंत शर्मा, बलदेव अरोड़ा हनुमान, शिव कुमार शर्मा, जयप्रकाश त्यागी ,गांव बराना के सरपंच काला, समाजसेवी एडवोकेट रमेश मौर्य ,काला चौहान, दीपक लामबरा ,कर्मवीर लामबरा,भक्ति चौहान ,पंडित अनिल ,सेवा सिंह, ओमवीर त्यागी, कालू पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

# ससुराल पक्ष के दस सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली थाना** क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जांच करने के बाद ससुराल पक्ष के दस सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी शादी वर्ष 2009 में सुनील कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे मानसिक व शारीरिक तौर से प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़नाएं दी जाने लगी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदि है। कई बार पंचायत होने के बाद वह घर बसाने के लिए ससुराल आ गई। उसके बावजूद उसे परेशान किया जाने लगा। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दी। जिसमें मामले को समझौता सदन में भेज गया। जहां जांच पूरी होने पर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में ससुराल पक्ष के दस सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मेनका गहलावत ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गधे की बारात नाटक का किया गया मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय विश्वविद्यालय व हरियाणा कला परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में मूलचंद सभागार में राजनैतिक वयंग्य पर आधारित गधे की बारात नामक नाटक का मंचन किया गया . प्रदर्शन कला संस्थान रोहतक के कलाकारों के द्वारा इस नाटक का मंचन पिछले 30 सालों में पाकिस्तान के लाहौर सहित विभिन्न देशों में किया जा चुका है और हकेवि में 336 वी बार इसका मंचन किया गया .गधे की बारात नाटक हरी भाई बड़गांवकर द्वारा लिखा गया है। नाटक का डायरेक्शन विश्वदीप त्रिखा द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर पंकज कुमार रहे।

# बुराड़ी विधानसभा में कांग्रेस ही हुई विशेष बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी-पूर्वी लोकसभा के प्रभारी चिम्मन भाई व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज व पूर्व प्रत्याशी प्रमोद त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश त्यागी ने बुराडी विधानसभा के पांचों ब्लाकों में डीलिमिटेशन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। जिसमें बुराडी ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बुराडी कांग्रेस कार्यालय व कादीपुर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी ने कुशक नम्बर-2 कांग्रेस ऑफिस पर ब्लॉक कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को बोलने का मौका मिला सबने अपने-अपने विचार रखे व कांग्रेस पार्टी को किस प्रकार से मजबूत किया जाए इस पर चर्चा की गई। इसमें ब्लॉक स्थर से लेकर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति, सेक्टर इंचार्ज नियुक्त करने बाद बूथ लेबल पर अध्यक्ष बनाकर चुनाव तैयारी के विषय में भी बात हुई। प्रभारी चिम्मन ने बताया कि हमारे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने दिल्ली में सातो लोकसभाओं में जबाब दो, हिसाब दो की प्रतिज्ञा रैली की जा रही हैं जिसमें लोगों की भीड़ व कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद ने नारो से पता चलता है कि लोग इस अंहकारी सरकार से परेशान हो चुके हैं। अब जनता महंगाई, बेरोजगारी व झूठे वादों से दुखी हो गई है। अब इस सरकार को उखाड़ फेंकना चाहती है। कांग्रेस पार्टी ही गरीब हितैषी पार्टी है। इस मौके पर बुराडी विधानसभा में मीटिंग में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, सतीश त्यागी, बुराडी ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, कादीपुर ब्लाक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी, महिला विधानसभा अध्यक्षा बीना भट्ट, मीना रावत, पूर्व निगम प्रत्याशी रूमा राणा, डॉ अनवर बेग, पूर्व निगम प्रत्याशी देवेंद्र काकू, कमलेश सिंह, अखिल भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष राजेश ढीकोलिया खन्ना, सुनहरी अनुराग, ननवा प्रधान, जोगिंदर राणा, शम्मी सिंह कश्यप, सुखबीर सिंह, प्रदीप राणा, हिमांशु, रघुबीर सिंह भोला, कुलदीपक जोशी, कपूर सिंह सिसोदिया, कालीचरण, जगदीश सौदा, सब्दल खान, ईश्वर सिंह कटारिया, जगदीप तौमर, रामसन जीवन यादव, इंदरजीत सिंह राणा, दयाचंद, भूपेंद्र सिंह राणा, महिपाल सिंह ठाकुर, लछमण सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की व शपथ ली की हम सब मिलकर बुराड़ी विधानसभा से कांग्रेस को विजयी बनाकर भेजेंगे।

## बरवाला : सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल की पुण्यतिथि पर लोकोपकारी कार्यों का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्रीमती नारायणी माता मंदिर गांव बरवाला दिल्ली में सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल हिसारवाले की तीसरी पुण्यतिथि पर लोकोपकारी कार्यों का शुभारंभ किया गया।
ओमप्रकाश अग्रवाल के सुपुत्र ज्ञान प्रकाश अग्रवाल के अनुसार बरवाला गांव में दुर्गा माता मंदिर परिसर में एक डिस्पैंसरी चलाई जा रही है। जिसमें सभी दवाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। निर्माण श्रमिकों और समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। गरीबों को कोरोना काल से यहां



प्रतिदिन नियमित रुप से निःशुल्क भोजन वितरित किया जाता है। बरवाला गांव के निवासी और आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दयानंद वत्स, बिजेंद्र डबास, कुलदीप शर्मा, ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, डॉ जीके गुप्ता, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोहर लाल शास्त्री सहित बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय सेठ ओमप्रकाश अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, आयरन लेडी, स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर अपने ऑफिस में कांग्रेसी साथियों के साथ उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
श्री जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि इंदिरा गांधी नें अपने पूरे कार्यकाल में निड़रता से कार्य किये और देश के सर्वांगीण विकास के लिये कई महत्वपूर्ण फैसले लेकर अपना योगदान दिया था। उनके द्वारा शुरू की गई हरित क्रांति योजना से देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ और



देश के निरंतर विकास व गरीबी उन्मूलन के लिये कई पंचवर्षीय योजनायें चलाई व सर्वधर्म सम्भाव और धर्मनिरपेक्षता का प्रसार किया व बांग्लादेश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने गरीब वंचित व दलित लोगों का पुनर्वास कर दिल्ली में लगभग 44 पुनर्वास कालोनियां जैसे जहांगीरपुरी, वजीरपुर, शकुरपुर, सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी, सीमापुरी, कल्याणपुरी, गोकुलपुरी आदि बसाई जिसमे लाखों लोग अपना जीवन-यापन कर रहे है। श्री जिन्दल ने उपस्थित लोगों से इंदिरा गांधी के पदचिन्हों पर चलने की अपील की।
इससे पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम में इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई।
इसके अलावा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर हरी किशन जिन्दल के साथ ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव, अमरीश भाई, अब्दुल कलाम, विजय पासी, साहिल सलमानी, सुरेन्द्र सैनी, अमित जैन, रोहित, शेर सिंह व अन्य साथी उपस्थित थे।

# नरेला: डीडीए की उपेक्षा से स्मृति वन नरेला का सौन्दर्यीकरण अवरुद्धः राजव्रत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नागरिक** अधिकार आन्दोलन ने उपराज्यपाल द्वारा पिछले दिनों नरेला क्षेत्र के विकास हेतु इसे सबसिटी के रूप में घोषित कर जो अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की गई है उसका स्वागत करता है। इनमें 33 बीघे में फैला विशाल स्मृति वन के विकास व सौन्दर्यीकरण का कार्य भी है जिससे आज इस क्षेत्र के रोजाना हजारों युजर हैं।
नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत ने बताया कि उन्हें आज तक यह भी पता नहीं कि प्रत्येक वर्ष इसके रख-रखाव हेतु किस एजेंसी को कितनी राशि का और कितने समय के लिए, कितने कर्मचारियों से काम कराने का अनुबंध दिया हैं। इसकी कोई सूचना किसी साईन बोर्ड पर उपलब्ध नहीं होती। पिछले दिनों पार्क से स्टाफ की मिलीभगत से अनेकों कीमती सामान की चोरी होना आम बात है। हमें ऐसा





लगता हैं कोई भी सुरक्षा एजेंसी पूरा स्टाफ उपलब्ध नहीं करती। ट्वाईलेट कर्मचारी नियुक्त करने में भी कथित सुपरवाइजर की मिलीभगत से कई-कई महीने निकाल दिए जाते हैं। महिला कर्मचारी की तो बात ही छोड़ दो। हाँ उक्त एजेंसी के कागज जरूर पूरे होंगे, क्योंकि उनसे पूरा भुगतान हो जाता हैं। पूरे पार्क में बाबा आदिम के जमाने की तीन ट्वाईलेट हैं जो आज जर्जरित हालत में हैं। उनका स्टैंडिंग सिस्टम की सीट लगाकर विकलांगो के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाना निहायत जरूरी है। नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत ने बताया कि सौन्दर्य करण के नाम पर कथित सुपरवाइजर ने पेड़ों के पत्तों की सफाई और घास कटवाने के अलावा कुछ कार्य नहीं कराया। घास काटने की आटोमैटिक मशीन के नाम पर कितने पैट्रोल का बिल जमा किया जाता है और वास्तविक रूप से कितना लगता है इसका सुपरवाइजर और एजेंसी के अलावा किसी को मालूम नहीं है। यह गोरखधंधा पिछले सालोंसाल से चालू है। इसका आडिट कभी नहीं हुआ। इससे कम टाइम में बने अन्य पार्क जैसे जीटीरोड़ पर बना कैक्टस गार्डन वहां के कुशल नेतृत्व के दम पर आज किसी भी पार्क को टक्कर देने मे सक्षम है। सौंदर्य करण में फूलों के पेड़ की क्यारी पेड़ों के तनों की खूबसूरती के लिए रंग-बिरंगी सफेदी पेड़ों की सुन्दर तरीके से छंटाई, ईंटो से बनी क्यारियों पर सफेदी आदि अनेक कार्य हैं जो इस पार्क में अपेक्षित थे।

## कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट व वधावन इंडिया काउंसिल ने आयोजित किया डॉक्टरेट अवार्ड कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पश्चिम विहार में स्थित मेपल गोल्ड में कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट और वधावन इंडिया अवॉर्ड काउंसिल द्वारा डॉक्टरेट अवॉर्ड का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेश चौहान और काउंसिल के फाउंडर कमल वधावन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, भारतीय विद्यापीठ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एम.एन. होडा, आईएएस ऑफिसर अजीत कुमार, पंजाबी सिंगर आशु पंजाबी, सेलिब्रिटी गेस्ट डॉ सियारह उपस्थित रहे। इस





कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से की गई। इस अवसर पर सभी मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रति निष्ठा से कार्य कर रहे लोगों और अपने क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर रहे लोगों को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर समाजसेवी परमजीत सिंह पम्मा ने डॉक्टरेट का समान पाने वाले सभी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी समाज के प्रति और जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस अवसर पर राजेश चौहान ने बताया कि विभिन्न समाज में कार्य करने वालों को डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया।

## पीतमपुराः एसडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने योग में लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली एमटीएनएल परफेक्ट हेल्थ मेला का आयोजन दिल्ली हाट पीतमपुरा में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 विद्यालयों से आये 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें योग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्राइमरी वर्ग में जानवी, प्रियांशी, निष्का, सोनम, कृतिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम कोच हेमंत शर्मा और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनित शर्मा ने बधाई दी और शुभकामनाएं प्रदान की।



# नरेला: समाजसेवी संजय खत्री ने किया निःशुल्क मेहंदी कैंप का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करवा** चौथ के पावन पर्व पर प्रसिद्ध समाजसेवी व आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री की ओर से निःशुल्क मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 412 से ज्यादा सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों पर अपनी मनपसंद मेहंदी निःशुल्क लगवाई और संजय खत्री को इस विशाल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान मेहंदी लगाने वाली 44 महिलाओं को संजय खत्री ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। अपने पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिने करवा चौथ का व्रत रखती है। इस व्रत में सुहागिन पूरा दिन भूखे प्यासे रह कर रात को चांद देखकर अपना व्रत पूरा करती है। करवा चौथ के व्रत में महिलाओं का मेहंदी लगाना पारंपरिक पद्धति है। करवा चौथ के इस पावन पर्व पर बाहरी दिल्ली के नरेला में चौधरी रामदेव चौक स्थित आर्य समाज नरेला में क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी व आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री ने निःशुल्क मेहंदी शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया। निःशुल्क मेहंदी शिविर को लेकर सुहागिन महिलाओं में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। इस दौरान करीब 412 महिलाओं ने अपनी मनपसंद मेहंदी निःशुल्क लगवाई और संजय खत्री को इस आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान महिलाओं के लिए चाय नाश्ते का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर संजय खत्री ने कहा कि करवा चौथ का पावन पर्व पूरे भारतवर्ष में महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखकर मानती हैं। कई बार बाजार में अत्यधिक भीड़ होने या अन्य कारणों से बहुत सी बहने मेहंदी से वंचित रह जाती है। इसलिए बहनों को उपहार स्वरूप मेहंदी शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में अंकु विजय भगत, सतपाल जून, विवेक अग्रवाल, चंद्रप्रकाश, दयानंद चौरसिया, अजय लंबू, पुतुल श्रीवास्तव सहित आर्य समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पराली जलाने की घटनाओं में कमी ला रही योगी सरकार

## प्रदेश के किसानों को जागरूक करने के लिए सरकार चला रही अभियान, न मानने वालों पर बरती जा रही है सख्ती

**जागरूक**

**8 सख्ती का ही असर है कि किसानों के फसल जलने की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार निरंतर जागरूक कर रही है। फिर भी न मानने वालों पर सख्ती कर जुर्माना आदि की कार्रवाई की जा रही है। इससे चलते साल दर साल पराली जलाने की घटनाओं में कमी आ रही है। सख्ती का ही असर है कि किसानों के फसल जलने की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। वहीं एनसीआर के कई जनपदों में भी लोग जागरूक हुए हैं। सरकार की कोशिश है कि पराली जलाने की घटनाओं में काफी हद तक कमी आ जाए।

**2022 में पराली जलाने की 3017 घटनाएं हुई थीं, 2023 में अब तक 906:** फसल अवशेष प्रबंधन पर सरकार का काफी जोर है। यदि पराली जलाने की घटनाओं से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 में इससे जुड़े 3017 मामले सामने आए थे। योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान व सख्ती से 2023 के 10 महीने में महज 906 मामले ही सामने आए। आंकड़ों पर नजर डालें तो पराली जलाने के 2017 में 8784, 2018 में 6623, 2019 में 4230, 2020 में 4659, 2021 में 4242 मामले प्रकाश में आए थे। योगी सरकार के सख्त रवैये से निरंतर पराली जलाने के मामलों में कमी दर्ज की जा रही है।

**फसल जलने की घटनाओं में भी दर्ज की गई कमी:** पराली के कारण फसल जलने की घटनाओं में भी काफी कमी आई है। 30 अक्टूबर तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2020 में 1132 स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थीं। 2021 में यह घटकर 890 हुई तो 30 अक्टूबर 2023 में 748 मामले ही प्रकाश में आए। पीलीभीत में 30 अक्टूबर 2022 तक जहां 98 प्रकरण आए थे, वहीं 84 प्रकरण 2023 में अब तक आए हैं। इस क्रम में शाहजहांपुर के लोगों ने काफी प्रयास किया। वहां 2022 में 223 मामले प्रकाश में थे, जो इस वर्ष तक अभी 48 ही सामने आए हैं।

**एनसीआर के जिलों में भी आई जागरूकता:** पराली जलाने से रोकने में एनसीआर के जिलों में भी जागरूकता आई है। शामली में 30 अक्टूबर 2022 तक छह स्थानों पर ऐसी घटनाएं सुनाई दी थीं तो 2023 में 5, मेरठ में 4 के मुकाबले 3, बुलंदशहर में 7 के मुकाबले 6 और बागपत में दो के सापेक्ष एक घटनाएं प्रकाश में आईं। वहीं हापुड़ में पिछले वर्ष दो मामले प्रकाश में आए थे। इस वर्ष जागरूकता के कारण अब तक एक भी घटना नहीं हुई।

### फसल अवशेष जलाए जाने से रोकने के लिए की जा रही कार्यवाही

**फसल** अवशेष जलाए जाने से रोकने के लिए की जा रही कार्यवाही फसलों के अवशेष जलाने से रोकने के लिए योगी सरकार आई०ई०सी० कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम, कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रचार-प्रसार से इस पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। बायोडिकम्पोजर की आपूर्ति एवं कृषकों में नि:शुल्क वितरण के साथ ही फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं फार्म मशीनरी बैक अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। जनपदों में गन्ना, बेसिक शिक्षा, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, स्थानीय निकाय, पुलिस, परिवहन, कृषि इत्यादि विभाग के अधिकारियों के समन्वय से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। फसल अवशेष आधारित ईकाइयों का प्रचार-प्रसार कर उनमें पराली की आपूर्ति कराने व जनपद स्तरीय टास्क फोर्स का गठन कर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर भी योगी सरकार जागरूक कर रही है।

## फास्ट न्यूज

### भारत एक है और एक रहेगा: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत एक है और एक रहेगा। हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हम एक रहकर मानवता की भावना को पल्लवित और पुष्पित कर सकते हैं। राज्यपाल बुधवार को आठ राज्यों आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और पांच केंद्रशासित प्रदेशों चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं लेकिन सभी एक दूसरे की भाषा और भावना का सम्मान करते हैं। एकता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसका परिचय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय दिया। जब विश्व के विभिन्न देशों को नि:शुल्क कोविड टीका प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था नित्य-नया मुकाम हासिल कर रहा है।
राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में मानवता के प्रति जो धर्म निभाया, उसे विश्व सदियों तक याद रखेगा। आज हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है कि समाज की मुख्य धारा से वंचित लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि लोग अपनी भाषा, संस्कृति के साथ अन्य की भी भाषा, संस्कृति जानने का प्रयास करें एवं उनका आदर और सम्मान करें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस दौरान राज्यपाल ने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की और विभिन्न प्रदेशों के लोगों सम्मानित भी किया।

### हम किसानों को एमएसपी का गारंटी कानून देंगे: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
हरियाणा दिवस के मौके पर रादौर में बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

## रिकॉर्ड कलेक्शन: अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 13 फीसदी बढ़ा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दीपावली** से पहले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का खजाना भर गया है। अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर 13 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 13 फीसदी उछल कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

इससे पिछले महीने में जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह जीएसटी राजस्व संग्रह का दूसरा सबसे उच्चतम मासिक आंकड़ा है।
अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले अक्टूबर 2022 में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये रहा था। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2023 में जीएसटी संग्रह 1,72,003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए 42,127 करोड़ रुपये सहित) और सेस 12,456 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सेस में माल के आयात से मिले 1294 करोड़ रुपये शामिल हैं।



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक के दौरान साबरमती रिवर फ्रंट का भ्रमण किया। इस दौरान धामी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की। गुजरात के विकास पर उनके विचार सुने।**

### गांधी मैदान में 25 हजार शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्य के करीब सभी जिलों से पहुंचे 25 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

## यूपीआई से अक्टूबर में 17.16 लाख करोड़ रुपये का हुआ लेन-देन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए लेन-देन में लगातार इजाफा हो रहा है। यूपीआई ने अक्टूबर में कुल 17.16 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1141 करोड़ लेन-देन प्रोसेस किया है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब यूपीआई के जरिए 1000 करोड़ से ज्यादा लेन-देन किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक्स पोस्ट पर बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर में कुल 17.16 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1141 करोड़ लेन-देन किए गए हैं। सितंबर में यूपीआई से 15.80 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1,056 करोड़ लेन-देन हुए थे। अगस्त में 15.76 लाख रुपये मूल्य के 1058 करोड़ लेन-देन यूपीआई के जरिए किए गए थे।
एनपीसीआई के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में यूपीआई प्लेटफॉर्म ने कुल 139 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 8,376 करोड़ लेन-देन को प्रोसेस किया था। उससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 में 84 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 4,597 करोड़ लेन-देन प्रोसेस किए गए थे।

